दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 06 जुलाई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 197 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# बिहार मतदाता सूची संशोधन को लेकर योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी बीच चुनाव आयोग की ओर से मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर सियासी हलचल मच गई है। अब एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। वोटर लिस्ट रिवीजन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग का आदेश मनमाना है। इससे लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। एसआईआर प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की गई है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक की याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संचालन के लिए भारत के चुनाव आयोग की ओर से जारी 24।06।2025 के आदेश और संचार,

साथ में दिए गए दिशा-निर्देशों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325, 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए रद्द करने के लिए रिट, आदेश या निर्देश जारी करें।

दरअसल, चुनाव आयोग के निर्देश में बिहार में वोटर लिस्ट के संशोधन की बात कही गई, जिसके अनुसार 2003 की मतदाता सूची में शामिल नहीं होने वाले मतदाताओं को यह अपनी नागरिकता साबित करने के लिए दस्तावेज देने होंगे।

**याचिकाकर्ता ने क्या कहा? :** इसी को लेकर याचिकाकर्ता का तर्क है कि जब तक 24.06.2025 के इस आदेश को रद्द नहीं किया जाता, तब तक यह मनमाने ढंग से और बिना उचित प्रक्रिया के लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सकता है, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को कमजोर कर सकता है। इस तरह संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार कर सकता है। दूसरी तरफ विपक्ष ने इसको लेकर वोटबंदी का नाम दिया है।

**वोटर लिस्ट पर छिड़ी सियासत :** बिहार में वोटर लिस्ट के मामले पर पूरी तरह से सियासत छिड़ गई है। इस कदम के बाद से विपक्षी पार्टी इसके खिलाफ नजर आ रही है। विपक्ष का कहना है कि वोटर लिस्ट जांच के लिए जिस तरह के कागजात मांगे जा रहे हैं उसके हिसाब से हजारों की संख्या में लोग वोट देने से वंचित रह सकते हैं। अब इस मामले को लेकर हाल ही में आरजेडी नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बिहार चुनाव आयोग से मिले हैं। महागठबंधन के नेताओं के साथ राज्य चुनाव आयोग से मुलाकात करने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा, बिहार में चुनाव आयोग के अधिकारी तो डाकिया हैं, असली अधिकारी तो दिल्ली में बैठे हैं और वो किसी और ही जगह से संचालित होते हैं।

# कांवड़ यात्रा : मुरादनगर गंग नहर पर तैनात होगी जल पुलिस

## सुरक्षा के चलते चार प्राइवेट गोताखोर और दो नाव भी की जाएगी तैनात

### - एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने दी जानकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा को लेकर लगातार अधिकारी एक्टिव मोड में हैं। तो वहीं प्रशासन भी अपनी ओर से तैयारी कर रहा है। एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने जानकारी दी है की कांवड़ यात्रा के मद्देनजर गंग नहर छोटा हरिद्वार पर शिव भक्तों की सहूलियत और राहत

एवं बचाव कार्य के लिए जल पुलिस की तैनाती की जाएगी। जल पुलिस की एक टीम में लगभग 15 पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। जो लोगों को बचाने के साथ गोताखोर व नाव लेकर हर वक्त मौजूद रहेंगे। 24 घंटे यहां जल पुलिस की तैनाती रहेगी, तो वहीं प्रशासन ने अपनी तरफ से चार प्राइवेट गोताखोर और दो नाव की व्यवस्था भी की है ताकि किसी भी प्रकार का हादसा होने या कांवड़ियों के साथ गड़बड़ी होने पर उसे बचाया जा सके। साथ ही यहां पानी का मैनेजमेंट भी ठीक रखा जाएगा ताकि अधिक बहाव होने की वजह से शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए।

### 24 घंटे तैनात रहेंगे गोताखोर और जल पुलिस

करंट क्राइम : एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने जानकारी दी है की कांवड़ यात्रा शुरू होते ही छोटा हरिद्वार गंग नहर के घाट और नाहन स्थल पर जल पुलिस की एक टुकड़ी तैनात रहेगी। इसमें लगभग 15 पुलिसकर्मी रहेंगे, जो गोताखोर के साथ ही नाव चलाने का काम करेंगे। तो वही चार प्राइवेट गोताखोर एक नाव को लगाया जाएगा। कुल मिलाकर लगभग 19 गोताखोर और दो नाव इस दौरान कांवडियों के साथ किसी प्रकार का हादसा दुर्घटना ना हो उसे बचाने के लिए 24 घंटे तैनात किए जाएंगे।

### कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए लिया गया फैसला

करंट क्राइम : जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा को लेकर हर इंतजाम कर रहा है। तो अधिकारी सड़क पर उतरकर ग्राउंड लेवल पर काम कर रहे हैं। इस दौरान एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने जानकारी दी है कि छोटा हरिद्वार गंग नहर पर हर साल कांवड़ियों की संख्या बढ़ रही है। कांवडियों की संख्या में इजाफा हो रहा है, इसी को देखते हुए इस बार जल पुलिस और निजी गोताखोरों की अतिरिक्त तैनाती की गई है ताकि यहां होने वाले हादसों में कमी लाई जा सके और शिव भक्तों की जानमाल का नुकसान हो। इसका भी इंतजाम किया गया है।

## आज हापुड़ में मुख्यमंत्री करेंगे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बात

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के पास आ गया हापुड़ प्रशासन का बुलावा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर अलग अलग जिलो के अधिकारियों के साथ वार्ता करते हैं और वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए वो अपडेट लेते हैं। इस कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी रविवार को हापुड़ में अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान हापुड़ के सभी अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। जनप्रतिनिधि वाले इस

सीन में गाजियाबाद का भी नाम आयेगा। क्योंकि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र आंशिक रूप से हापुड़ में आता है। धौलाना विधानसभा क्षेत्र गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में और पिलखुवा का आंशिक क्षेत्र गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में आता है। जबकि प्रशासनिक रूप से पिलखुवा, हापुड़ प्रशासन के अधीन आता है। आज जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हापुड़ में वीडियो कान्फ्रेंसिंग करेंगे तो इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी मौजूद रहेंगे।

अतुल गर्ग का लोकसभा क्षेत्र आंशिक रूप से धौलाना और पिलखुवा में भी आता है। उनके पास एसडीएम का पत्र आ चुका है और जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग करेंगे और समीक्षा बैठक लेंगे तो इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी अपनी बात रखेंगे। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री की आज होने वाली वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कानून व्यवस्था और कावंड यात्रा के इंतजामों को लेकर अधिकारियों से बात कर सकते हैं। तैयारियों को लेकर जानकारी ले सकते हैं। फिलहाल आज जब हापुड़ में सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए रूबरू होंगे तो गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी इस वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल रहेंगे और अपने क्षेत्र से जुड़ी किसी भी बात को रख सकते हैं।

# कांवड़ मार्ग पर पोल किए जा रहे हैं कवर, तो नालों की हो रही है सफाई

### जल्द शुरू होगा गड्ढों की भराई का काम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा को लेकर लगातार प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग हो रही है। तो वहीं रूट पर काम भी किया जा रहा है। कावंड़ मार्ग मेरठ रोड पर जहां नालों की सफाई कर उनको कूड़ा रहित बनाया जा रहा है। तो वही कांवड़ मार्ग पर बिजली के पोल और महत्वपूर्ण तार कवर करते हुए उन पर पॉलीथिन कवर की जा रही है ताकि कांवड़ यात्रा में बारिश के दौरान किसी प्रकार की घटना दुर्घटना ना हो। तो वहीं अभी कांवड़ मार्ग पर कई जगह मुख्य मार्ग पर गड्ढे और सड़क टूटी हुई है, उसे भी जल्द भरवाने का अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया गया है। बता दें की कांवड़ यात्रा के सभी प्रमुख मार्ग पर 30 जून तक गड्ढा मुक्त बनाने का निर्देश जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा दिया गया था लेकिन बीच में हुई बारिश की वजह से यह काम पूरी तरीके से नहीं हो पाया है, जिसे जल्द करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पथ प्रकाश का भी किया जाएगा पूरा प्रबंध

करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान मुख्य मार्ग पर लाइटिंग की व्यवस्था रहेगी, तो वही नगर निगम और कई अन्य विभाग पोल लाइट लगाकर प्रकाश की व्यवस्था करेंगे। लाइट की व्यवस्था करने का मकसद यह है कि 24 घंटे कांवडियां चलते हैं और रात के समय अंधेरा होने के दौरान किसी प्रकार की घटना-दुर्घटना ना हो इसको ध्यान में रखते हुए 100 से अधिक स्थानों पर पोल लगाकर अतिरिक्त लाइटिंग की जाएगी ताकि प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था रह सके।

### अधिकारी कांवड़ यात्रा से पहले फिर करेंगे निरीक्षण

करंट क्राइम : पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा की शुरूआत लगभग 12 जुलाई से होगी। तो 16 जुलाई के बाद कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने का अनुमान है। इसको देखते हुए प्रशासन 14 से 15 जुलाई के बीच अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करेंगे ताकि जो भी कमियां हैं, उन्हें कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

# दूसरे दिन मेयर ने मजार पर पहुंच अतिक्रमण को तुड़वाया

### अब निगम कराएगा FIR दर्ज, चेहरे की तलाश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को साहिबाबाद जाते समय नए बस अडडे के पास मजार देख भडकीं मेयर सुनीता दयाल शनिवार सुबह नगर निगम के दस्ते के साथ कार्रवाई करने पहुंच गई। करीब दस बजे बौंझा के सामने बनी मजार पर दल बल के साथ पहुंची मेयर ने नगर निगम कर्मचारियों को दरवाजा खोलने का आदेश दिया। मेयर अपने साथ बुल्डोजर भी लेकर आई थी। मेयर के निर्देश पर नगर निगम कर्मचारियों ने मजार के आसपास की ईटों को हटाना शुरू किया। करीब एक घंटे में सारी ईंटे हटा दी गई। वहां रखी एक पानी की टंकी को भी हटा दिया गया। मजार के आसपास की जमीन को समतल कर वहां पौधे लगा दिए गए। वहीं, महापौर के निर्देश पर ईटों को हटाने को लेकर मुस्लिम समुदाय ने आपत्ति जताई है। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि एक व्यक्ति मजार की देखभाल कर रहा था। उसने मजार

का सुंदर बनाने के लिए ईंटे बिछाई थी। उनका कहना है कि जीटी रोड बनने से पहले यह मजार बनी थी। जिसे रोड बनने के समय तक नहीं हटाई गई थी। यह मजार गाजीउददीन की है, जिन्हें गाजियाबाद शहर का संस्थापक माना जाता है। यह मजार गाजीउद्दीन की है या किसी और का कब्र है, इसे लेकर संशय की स्थिति है।

महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि कब्र को मजार का रूप दिया जा रहा है। मजार को गाजीउददीन का बताकर किया जा रहा जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजार की जांच कराई जाएगी। उसके बाद इसे हटाने पर पर विचार किया जाएगा। यह किसी धर्म से जुडा मामला नहीं है। यह अवैध कब्जा का मामला है। ग्रीन बेल्ट पर कब्जा कर मजार के नाम पर कब्जे को बढाया जा रहा है। जिस जगह पर यह मजार है,

उसके पीछे रक्षा मंत्रालय का प्रमुख प्रतिष्ठान है।

उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट पर किसी भी धर्म से जुडा स्थल पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि नगर निगम के ग्रीन बेल्ट पर किसी तरह का कब्जा होने नहीं दिया जाएगा। जो व्यक्ति मजार में दिखा था, वह डासना का रहने वाला है। वह डासना से यहां आकर क्या कर रहा था। उन्होंने कहा कि इस मामले की तह तक जाया जाए। कब्र को मजार बताकर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। ऐसा कतई नहीं होने दिया जाएगा। शहर में जितने भी ऐसी मजारें बनी है, सबकी जांच कराई जाएंगी। सरकारी भूमि पर अवैध धार्मिक स्थल बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। मजहब के नाम पर धंधा बनाकर समाज में गंदगी फैलाई जा रही है। गाजी बाबा उर्फ गाजीउद्दीन के परिवार के लोगों ने साफ किया है कि वह मजार बाबा गाजीउद्दीन की नहीं है. परिवार के मुताबिक, वहां गाजीउद्दीन की मां की कब्र थी, लेकिन परिवार का कोई भी सदस्य उसकी देखभाल नहीं करता। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति वहां देखभाल करता पाया गया, उनका परिवार से कोई लेना देना नहीं है।

वहीं, मजार के खादिम का कहना है कि वह करीब बीस साल से इस मजार पर जा रहे हैं। वहां वे अगरबत्ती जलाते हैं और सौंदर्यता के लिए ईंटें लगाई थी।

शुरू में उन्होंने वहां सफाई का काम शुरू किया था। फिर लोग वहां चादर चढ़ाने और प्रसाद लाने लगे। हालांकि उन्होंने ये भी माना कि वहां ज्यादा भीड़ नहीं आती।

# इंडिगो 20 जुलाई से हिंडन से आठ शहरों को शुरू करेगा विमान सेवाएं

### बुकिंग को काम हो गया है शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के हिंडन से जल्द ही इंडिगो की नई सेवाएं शुरु होने वाली हैं। बताया जा रहा है कि बीस जुलाई से हिंडन से इंडिगो की अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी के लिए उड़ान सेवा शुरू होने जा रही है। इससे इन शहरों के लिए जाने वाले पश्चिमी यूपी के शहरों के लोगों को बड़ी राहत मिलने के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उम्मीद है इंडिगो की फ्लाइट शुरू होने से लोगों को और राहत मिलेगी। कंपनी के अनुसार इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी गई है।

इंडिगो के ग्लोबल सेल्स हेड विनय मल्होत्रा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक और घरेलू हवाई अड्डे हिंडन एयरपोर्ट से निर्बाध कनेक्शन की घोषणा की गई है। इन आठ प्रमुख शहरों के लिए 70 से अधिक साप्ताहिक प्रस्थानों के साथ यात्रा सुविधा को बढ़ाना है। इससे व्यावसायिक गतिशीलता को बढ़ावा मिलने के साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद जिले में हिंडन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के भीतर एक तेजी से विकसित हो रहा शहरी और औद्योगिक केंद्र है। यह क्षेत्र नोएडा व पूर्वी दिल्ली के काफी निकट है। हिंडन वाणिज्य और संपर्क के लिए एक महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में कार्य करता है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाईं, शैक्षणिक संस्थानों व बढ़ते आवासीय क्षेत्रों का एक गतिशील मिश्रण है, जो उत्तर प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य में इसके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है।

### टिकिट बुकिंग सेवा हुई शुरू

करंट क्राइम : मिली जानकारी के अनुसार जो यात्री इन शहरों के लिए इंडिगो की फ्लाइट से उड़ान भरना चाहते हैं उनके लिए खुशी की बात है। कंपनी ने आनलाइन टिकट बुकिंग सेवा भी शुरू कर दी है। लोग आफिशियल वेबसाइट पर जाकर टिकिट बुक कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि बीस जुलाई से हिंडन से इंडिगो की अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी के लिए उड़ान सेवा शुरू होने जा रही है। इससे इन शहरों के लिए जाने वाले पश्चिमी यूपी के शहरों के लोगों को बड़ी राहत मिलने के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# पार्टी के स्थापना दिवस पर हुई लालू प्रसाद की ताजपोशी

2025 का बिहार चुनाव लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में ही लड़ेगा यह बात शनिवार दोपहर स्पष्ट हो गई। राजद के 29वें स्थापना दिवस पर लालू प्रसाद यादव की फिर से ताजपोशी हो गई। उन्हें पार्टी के 13वें राष्ट्रीय अध्यक्ष का सर्टिफिकेट भी मिला गया। राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना के बापू सभागार में शनिवार को हुई। लालू यादव और राबड़ी देवी के साथ पार्टी के बाकी दिग्गजों ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरूआत की। इसके बाद लालू यादव और राबड़ी ने कार्यकताओं और पार्टी नेताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। आज के बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचंद्र पूर्वे ने की।

**23 जून को लालू ने किया था नामांकन दाखिल :** पांच जुलाई 1997 को लालू प्रसाद यादव ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय जनता दल का गठन किया है। तब से अब तक लालू ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। कुछ दिन पहले इस बात की चर्चा जरूर थी कि लालू इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनेंगे। उनका स्वास्थ्य पहले जैसा नहीं रहा। वह अक्सर बीमार रहते हैं। इसीलिए प्रदेश अध्यक्ष के तरह की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी नया चुना जा सकता है। लेकिन, सारे अटकलों पर विराम लगाते हुए लालू प्रसाद ने 23 जून को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। उनके खिलाफ किसी अन्य नेता ने नामांकन नहीं किया। इसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचंद्र पूर्वे ने उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया था।

# 20 साल बाद एक मंच पर राज-उद्धव ठाकरे
## ठाकरे बंधुओं ने जमकर चलाए सियासी तीर

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में बीते कई हफ्तों से ठाकरे बंधुओं के साथ आने की बातचीत तेज हो रही थी। ऐसे में आज शनिवार को मराठी विजय दिवस रैली में दोनों भाईयों ने करीब 20 साल बाद एक साथ मंच साझा कर सारे सवालों का जवाब दे दिया। दोनों नेताओं ने मुंबई के वर्ली में एक बड़ी विजय रैली को संबोधित किया। बता दें कि यह रैली महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार की तरफ से स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने वाले फैसले को वापस लेने की खुशी में रखी गई थी।

**हम मिलकर जीतेंगे महाराष्ट्र की सत्ता- उद्धव :** रैली को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम साथ आए हैं और अब साथ रहेंगे। हम मिलकर मुंबई की नगर निगम और महाराष्ट्र की सत्ता में वापसी करेंगे। इस बयान पर वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तालियां और नारेबाजी की। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जब-जब महाराष्ट्र पर हमला करती है, मराठी लोग एकजुट होते हैं, लेकिन बाद में फिर आपस में लड़ते हैं। यह बंद होना चाहिए।

**'तीन भाषा नीति का मकसद मुंबई को अलग करना' :** इस दौरान राज ठाकरे ने भी राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि तीन-भाषा नीति का असली मकसद मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश थी। सिर्फ हमारे विरोध मार्च की खबर से ही सरकार को आदेश वापस लेने पड़े। राज ठाकरे ने यह भी कहा कि अगला कदम लोगों को जाति के नाम पर बांटने का होगा। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बांटो और राज करो की नीति अपना रही है।

**अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाई के तंज पर राज का जवाब :** इसके साथ ही रैली में कई बार विपक्षी पार्टियां राज और उद्धव ठाकरे के बेटों अमित और आदित्य की अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाई को लेकर तंज कसती हैं। इस पर राज ठाकरे ने जवाब दिया बाला साहेब ठाकरे खुद अंग्रेजी स्कूल में पढ़े थे, लेकिन उन्होंने कभी मराठी की अहमियत नहीं कम होने दी। एल.के. अडवाणी भी कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े, क्या उनका हिंदुत्व गलत है?

# राजा भैया के पिता राजा उदय प्रताप सिंह समेत 13 लोगों को पुलिस ने किले में किया नजरबंद

मोहर्रम का त्यौहार सकुशल संपन्न हो इसलिए लिया गया फैसला

**प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर में मोहर्रम का त्यौहार सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के पिता राजा उदय प्रताप सिंह समेत 13 लोगों को 40 घंटे के लिए नजरबंद कर दिया है। कुंडा कोतवाली में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर संजय सिंह पुलिस बल के साथ राजा उदय प्रताप के भदरी किला पहुंचकर शनिवार की भोर पांच बजे से रविवार रात नै बजे तक नजर बंद करने की नोटिस को चस्पा किया।

नोटिस चश्मा करने के दौरान राजा उदय प्रताप सिंह भदरी कोठी में मौजूद रहे। क्राइम इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि राजा उदय प्रताप सिंह के साथ ही बड़ूपुर निवासी भवानी विश्वकर्मा, शेखपुर निवासी उमाकांत, बढ़ईपुर निवासी आनंदपाल, मियां का पुरवा निवासी जमुना प्रसाद, सुभाष नगर निवासी सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पांडेय, रवि सिंह, लोहारन का पुरवा निवासी गया प्रजापति, हथिगवां थाना क्षेत्र के नौबस्ता निवासी जितेंद्र यादव, सरैया प्रवेशपुर निवासी केसरी नंदन, बेंती निवासी निर्भय सिंह, गोपालगंज शाहपुर निवासी जुगनू विश्वकर्मा, प्रयागराज के पन्नालाल रोड निवासी मोहनलाल को नजर बंद किया गया है। नजरबंद किए गए सभी के घरों पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ अधिकारी कुंडा स्थित भदरी किले पर पहुंचे। गेट पर नजरबंद का नोटिस चस्पा किया गया।

राजा उदय प्रताप सिह को भी इसकी जानकारी दी गई। राजा उदय प्रताप सिंह ने चार जुलाई को अपने एक्स अकाउंट से मुस्लिमों के खिलाफ एक पोस्ट किया था। जिसमें उन्होंने लिखा था- पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं है, ऊंचे लोग मुसलमानों को खुश करते हैं, निचले लोग उनका अनुसरण करते हैं। भदरी किले पर भारी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। मोहर्रम के मद्देनजर यह फैसला किया गया है।

एहतियात के तौर पर यह कार्रवाई की गई है। पहले कई बार मोहर्रम के जुलूस के दौरान बवाल हो चुका है। इसके चलते यह कार्रवाई की गई है।

कुंडा के भदरी किले में राजा उदय प्रताप सिंह को नजरबंद किया गया है। पूर्व में कई बार माहौल बिगड़ने के कारण यह फैसला लिया गया है।

# अमरनाथ यात्रा रूट पर हादसा : पांच बस आपस में टकराईं, 36 श्रद्धालु हुए घायल

**जम्मू।** शनिवार को रामबन जिले में पांच बसों के आपस में टकरा जाने से करीब 36 अमरनाथ तीर्थयात्री घायल हो गए। ये बसें जम्मू भगवती नगर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर की ओर जा रहे काफिले का हिस्सा थीं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकूट के पास सुबह करीब आठ बजे हुई। उन्होंने बताया कि टक्कर काफिले की एक बस के ब्रेक फेल हो जाने के कारण हुई।

रामबन के उपायुक्त मोहम्मद अलयास खान ने कहा, ₹पहलगाम काफिले का अंतिम वाहन नियंत्रण खो बैठा और चंद्रकोट लंगर स्थल पर फंसे वाहनों से टकरा गया, जिससे चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और 36 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए।₹ उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर पहले से मौजूद सरकारी अधिकारियों ने घायलों को रामबन जिला अस्पताल पहुंचाया।

कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घायलों के उपचार की निगरानी के लिए अस्पताल का दौरा किया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा, ₹यात्रियों को बाद में आगे की यात्रा के लिए अन्य वाहनों में स्थानांतरित कर दिया गया।₹

रामबन के चिकित्सा अधीक्षक सुदर्शन सिंह कटोच ने बताया कि तीर्थयात्रियों को प्राथमिक उपचार के तुरंत बाद छुट्टी दे दी गई। अधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त बसों को बदलने के बाद काफिला अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया।

रामबन, जम्मू-कश्मीर जिला अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद रफी ने कहा, 'अमरनाथ यात्रा पर जा रहे तीर्थयात्रियों की एक बस दूसरी बस से टकरा गई। हमारे पास कुल 36 घायल मरीज आए थे। सभी मरीजों का यहीं इलाज किया गया है, हमने किसी को किसी अन्य अस्पताल में रेफर नहीं किया। 10 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है और अगले 1 घंटे में लगभग सभी मरीजों को छुट्टी दे दी जाएगी।'

जितेन्द्र सिंह ने ट्वीट कर कहा की रामबन के चंद्रकोट में अमरनाथ यात्रियों को ले जा रहा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

इस हादसे में 36 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल रामबन में किया जा रहा है और उनकी स्थिति ठीक है। इस घटना को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

# करोल बाग के विशाल मेगा मार्ट में लगी भीषण आग, लिफ्ट में फंसने से एक शख्स की हुई मौत

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में शुक्रवार को विशाल मेगा मार्ट शोरूम में लगी आग में 25 साल के युवक की मौत हो गई है। शनिवार सुबह उसका शव लिफ्ट के अंदर मिला। मृतक की शिनाख्त धीरेंद्र प्रताप के रूप में हुई है। शुक्रवार शाम यहां आग लगी थी। 15 गाड़ियों की मदद से दमकलकर्मियों ने करीब 12 घंटे में आग पर काबू पाया।

पुलिस, अग्निशमन और आपदा प्रतिक्रिया टीमों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए खोज अभियान के दौरान युवक का शव लिफ्ट में मिला। दमकलकर्मी अभी कूलिंग का काम कर रहे है। करोलबाग थाना पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, करोल बाग के पदम रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट की दूसरी मंजिल पर शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। हालांकि वहां मौजूद सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। लेकिन एक व्यक्ति इमारत की लिफ्ट में फंस गया।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, कुमार धीरेंद्र प्रताप सिंह (25) लिफ्ट में फंसे पाए गए। अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। करोल बाग थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया, शुक्रवार शाम करीब 6.44 बजे दमकल विभाग को आग लगने की जानकारी मिली। दमकल अधिकारी एम के चट्टोपाध्याय ने बताया कि आग इमारत की दूसरी मंजिल से शुरू हुई थी।

# उम्रदराज वाहनों पर कार्रवाई से आया संकट
## दिल्ली में पुरानी गाड़ियों के दामों में 50% तक की गिरावट

**नई दिल्ली।** राजधानी के व्यापारियों का दावा है कि पुराने वाहनों पर कार्रवाई के कारण इनके दामों में 50 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन और ऑटोमोबाइल व्यवसायी बृजेश गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अभियान का सीधा असर करीब 60 लाख वाहनों पर पड़ा है। इससे कारों के व्यापार में भारी गिरावट आई है।

इनके दाम तेजी से नीचे आए हैं। पांच दिनों में पुरानी कारों के दाम में 40 से 50 प्रतिशत कमी आई है। पेट्रोल पंपों पर आयु सीमा पार कर चुके वाहनों पर कार्रवाई से अफरातफरी की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली से पंजाब, राजस्थान, यूपी, बिहार, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल सहित अन्य राज्यों में पुरानी कारें जाती हैं।

करोल बाग, प्रीत विहार, पीतमपुरा, मोती नगर व अन्य इलाकों में एक हजार से ज्यादा व्यापारी पुरानी कारों की खरीद-फरोख्त करते हैं। इन व्यापारियों का कहना है कि जो कार पहले 6-7 लाख रुपये में बिकती थी, उसके दाम 3 से 4 लाख रुपये तक ही मिल रहे हैं। कार डीलरों का आरोप है कि दिल्ली में चलने वाले वाहनों की अवधि पूरी होने पर दूसरे राज्यों में बेचने पर परिवहन विभाग से एनओसी आसानी से मिल जाती थी, लेकिन अब परेशानी आ रही है।

नई दिल्ली। सड़कों से पुरानी गाड़ियां हटाने के मामले में आप ने भाजपा पर निशाना साधा है। आरोप है कि सरकार कोर्ट के आदेश का बहाना बना रही है।

शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में सरकार बनते ही भाजपा ने पुरानी गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला ले लिया था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2016 से अब तक 25 देशों ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया के कई देशों ने अपने सबसे बड़े नागरिक पुरस्कारों से सम्मानित किया है। बीते शुक्रवार को पीएम मोदी को त्रिनिदाद एंड टोबैगो का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो दिया गया। इससे दो दिन पहले घाना ने भी उन्हें ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना सम्मान से नवाजा। बीते 10 साल में पीएम मोदी को 25 बड़े अंतरराष्ट्रीय नागरिक पुरस्कार मिल चुके हैं। ऐसे में आज हम उन सभी 25 सम्मानों के बारे में जानेंगे। जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ी। सऊदी अरब ने साल 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज सैश' से सम्मानित किया। यह सम्मान दोनों देशों के आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया था।

अफगानिस्तान ने 2016 में पीएम मोदी को 'स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान' से नवाजा। यह अफगानिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो भारत द्वारा अफगानिस्तान के विकास में किए गए योगदान के लिए दिया गया। फलस्तीन ने 2018 में पीएम मोदी को अपने सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फलस्तीन' से सम्मानित किया। यह सम्मान फिलिस्तीन के प्रति भारत की स्थायी समर्थन की मान्यता है। यूएई ने 2019 में पीएम मोदी को 'ऑर्डर ऑफ जायद' प्रदान किया। यह सम्मान भारत-यूएई संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए दिया गया। रूस ने 2019 में पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' से सम्मानित किया। यह सम्मान रूस-भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए दिया गया। मालदीव ने 2019 में पीएम मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन' सम्मान दिया। यह मालदीव का सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार है, जो भारत-मालदीव दोस्ती को दशार्ता है।

बहरीन ने पीएम मोदी को साल 2019 में 'किंग हमद ऑर्डर ऑफ द रेनसां' से नवाजा। यह दोनों देशों के आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए दिया गया। अमेरिका ने साल 2020 में पीएम मोदी को 'लीजन ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया। यह भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में उनके योगदान के लिए दिया गया। साल 2021 में भूटान ने पीएम मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द द्रुक ग्यालपो' प्रदान किया। यह भारत-भूटान के मजबूत और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक है।

साल 2023 में पापुआ न्यू गिनी ने पीएम मोदी को 'एबाकल अवॉर्ड' से सम्मानित किया। यह पुरस्कार भारत-प्रशांत देशों में भारत की भूमिका के लिए दिया गया। फिजी ने साल 2023 में पीएम मोदी को 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से नवाजा। यह भारत और फिजी के बीच मजबूत संबंधों को मान्यता देने के लिए दिया गया। पापुआ न्यू गिनी ने साल 2023 में पीएम मोदी को 'ऑर्डर ऑफ लोगोहू' भी दिया। यह देश का बड़ा नागरिक सम्मान है, जो उनकी वैश्विक नेतृत्व की भूमिका को दशार्ता है। मिस्र ने साल 2023 में पीएम मोदी को 'ऑर्डर ऑफ नाइल' से सम्मानित किया। यह मिस्र का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो भारत-मिस्र की रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है। फ्रांस ने पीएम मोदी को साल 2023 में 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' दिया। यह फ्रांस का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है। ग्रीस ने साल 2023 में पीएम मोदी को 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' प्रदान किया। यह भारत-ग्रीस संबंधों में उनकी भूमिका को मान्यता देने के लिए दिया गया।

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 ● नई दिल्ली। रविवार 06 जुलाई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# सरकार ने लगाई पानी की टंकी और कोई उस पानी पर लगा गया ताला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकार ने जनता की सुविधा के लिए पानी की मोटर लगाई और पानी की टंकी स्थापित की। दरअसल ये मामला उस खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र का है जहां पेयजल की समस्या रहती है। जहां पानी की सप्लाई के लिए मुख्यमंत्री से तत्कालीन लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह मिले थे और खोड़ा के लिए पानी की बात की थी। इसी पानी को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और जब यहां पानी आया तो पानी की इस टंकी पर कोई ताला ही लगा गया। जनता पानी की कमी से जूझ रही है और किसी ने पानी की सप्लाई पर प्राईवेट ताला लगा दिया। ये मामला खोड़ा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 8 का है। यहां किसी ने पानी की सप्लाई पर मोटी चैन बांध कर बड़ा ताला लगा दिया। बताया जाता है कि ये प्राईवेट ताला है और इसकी वजह से पानी की सप्लाई रूक गई है। अब ये ताला किसने लगाया और क्यों लगाया है यह जांच का विषय है। लेकिन तस्वीरें बता रही हैं कि खोड़ा में पानी की टंकी पर प्राईवेट ताला लग गया है।

### पार्षद बोले लोगों की शिकायत पर लगाया था ताला

**करंट क्राइम।** वहीं इस पूरे मामले पर धीरज अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने यह ताला स्वयं अपनी मर्जी से नहीं लगाया बल्कि स्थानीय लोगों ने उनसे शिकायत की। लोग यहां लघु शंका कर रहे थे और पार्क को गंदा कर रहे थे। इससे पार्क में आने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी। गुलाब वटी का पार्क में जो गेट पर ताला लगा था समिति के लोगों द्वारा लगाया गया था जिसे आज संज्ञान में लेकर खुलवा दिया गया है लोगों का कहना है कि गंदगी से बचने के लिए ताला लोगों द्वारा लगाया गया था। जिसे खुलवा दिया गया है।

### इधर हुई खबर प्रकाशित, उधर खुल गया पार्क का ताला

**करंट क्राइम।** सरकार की सम्पत्ति पर जनता का अधिकार होता है और एक अजीब मामला इन्दिरापुरम क्षेत्र का आया था। दैनिक करंट क्राइम ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया। ये मामला इन्दिरापुरम क्षेत्र के वार्ड संख्या 81 का था। यहां पर गुलाब वाटिका नाम का पार्क है। इस पार्क पर स्थानीय पार्षद ने ताला डाल दिया था। ताला तीन महीने से लगा हुआ था और पार्षद द्वारा ताला डाले जाने के बाद से स्थानीय लोग इस पार्क में ही नहीं जा पा रहे थे। ताले के पीछे तर्क ये दिये जा रहे थे कि यहां असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है और पार्क के बाहर अतिक्रमण हो जाता है। दैनिक करंट क्राइम ने नगर निगम के पार्क पर पार्षद के ताले को प्रमुखता से प्रकाशित किया और ये भी बताया कि अगर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा हो रहा है तो इसका समाधान पार्क पर पार्षद का ताला नहीं है बल्कि इसकी सूचना पुलिस को दी जानी चाहिए और पुलिस कार्यवाही करेगी। अगर पार्क के बाहर अतिक्रमण हो रहा है तो इसके लिए नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ

करंट क्राइम खबर का असर

दस्ता है। लेकिन किसी भी पार्षद या अन्य जनप्रतिनिधि को यह अधिकार नहीं है कि वह नगर निगम के पार्क पर ताला डाल दे। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और जब दैनिक करंट क्राइम में खबर प्रकाशित हुई तो तीन महीने से लगा पार्षद का ताला तीन घंटे के अंदर खुल गया। अब लोग पार्क में जा सकते हैं और नगर निगम का पार्क भी पार्षद के ताले से आजाद हो गया है।

## मंडल पदाधिकारियों वाली लिस्ट में ओबीसी, एससी और महिला चेहरों को मिली है प्राथमिकता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा अब नए अंदाज में है और यहां बूथ अध्यक्ष का भी अपना जलवा है। बूथ अध्यक्ष के घर पर नेम प्लेट ढोल बजाकर लगती है और मंडल प्रधान के लिए केन्द्र के मंत्रियों से सिफारिश लगती है। मंडल की टीमों की घोषणा होनी है और सभी कार्यकर्ता इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था कि नामों की लिस्ट यहां से फाईनल होकर जा चुकी है और अब उस पर क्षेत्रीय अध्यक्ष की मुहर लगनी है। सूत्र बताते हैं कि शनिवार को टीम घोषित करने वाले सीन में तेजी आ गई। क्षेत्र वाले दफ्तर पर गाजियाबाद के 20 मंडलों के पदाधिकारियों के नाम टाईप होने लगे। कहा ये गया कि जब रविवार की सुबह कार्यकर्ताओं की आंख खुलेगी तो लिस्ट की घोषणा हो चुकी होगी। सूत्र बता रहे हैं कि कोई भी मंडल होल्ड पर नहीं है। सभी मंडलों की सूची आ रही है। 20 मंडलों के पदाधिकारियों की टीम घोषित हो रही है। खास बात ये बताई जाती है कि इस बार मंडल की टीमों में भी समीकरण साधा गया है। मंडल टीम में महिला, ओबीसी, एससी वर्ग को समायोजित किया गया है। इसके अलावा मंडल टीम में पदाधिकारी का मानक मूल कार्यकर्ता और वरिष्ठता को रखा गया है। मूल कार्यकर्ता पर ज्यादा फोकस किया गया है। वहीं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी मंडल में स्थान मिलेगा।

## ग्रेटर गाजियाबाद के प्रस्तावित गठन को लेकर पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने उठाया सवाल

### कहा ग्रेटर गाजियाबाद विषय पर मुख्यमंत्री दें कृपा ध्यान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने ग्रेटर गाजियाबाद के प्रस्तावित गठन को लेकर सवाल उठाया है। पिछले दिनों मान सरोवर भवन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आये थे और उन्होने गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद बनाने के लिए घोषणा की। ग्रेटर गाजियाबाद, गाजियाबाद नगर निगम में खोडा नगर पालिका, लोनी नगर पालिका और मुरादनगर नगर पालिका का विलय करते हुए ग्रेटर गाजियाबाद नगर निगम की गठन की घोषणा की। अभी इस पर मंत्रीमंडल में विचार विमर्श चल रहा हैं। यदि ऐसा हुआ तो क्या फायदा और क्या नुकसान होगा यह एक विचारणीय हैं।

गाजियाबाद नगर में वर्तमान में 100 वार्ड हैं जिनमें से लगभग 16 वार्ड ऐसे हैं, जिनके साथ देहात का क्षेत्र भी जुड़ता हैं। अभीतक गाजियाबाद नगर निगम इन 16 वार्डों में देहात क्षेत्र से भवन कर, की वसूली पूर्ण रूप से नहीं कर पा रहा हैं। इन्हीं 16 वाडों में अनाधिकृत कच्ची कालोनियॉ भी विकसित हैं। अभी तक गाजियाबाद नगर निगम इन 16 वार्ड के देहात क्षेत्र में पीने की पानी की व्यवस्था भी नहीं कर पाया हैं जबकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हर घर जल योजना लागू की हुई हैं।

अभी गाजियाबाद नगर निगम भवन कर, बढोतरी के झगड़े में जो कि शहरी क्षेत्र के वार्ड हैं उसी में उलझा हुआ हैं और यदि भवन कर बढोतरी का कानून लागू होता हैं तो गाजियाबाद नगर निगम की जनता त्राहीमाम कर उठेगी। और इसमें सोने पर सुहागा नया काम और हो जायेगा कि खोडा, लोनी और मुरादनगर की नगर पालिकायें इसमें यदि जुड गई तो भवन कर की वसूली ना के बाराबर हो जायेगी क्योंकी उन तीनों नगर पालिकाओं में देहात क्षेत्र अधिक हैं ।

यदि खोड़ा, लोनी और मुरादनगर विधान सभाओं को जोड़ कर ग्रेटर गाजियाबाद नगर निगम का गठन होता हैं तो क्या ऐसी दशा में भाजपा अपना महापौर जिता पायेगी। क्या भाजपा पार्षदों का बहुमत ग्रेटर गाजियाबाद में बना पायेगी इसमें भी संशय हैं।

यदि भाजपा संगठन की दृष्टि से और गाजियाबाद, खोड़ा, लोनी और मुरादनगर के संगठन के लोगों से विचार विमर्श करके राय मांगी जाये तो शयद इस योजना की असलीयत सामने आ पायेगी ।

## कमिश्नर का वार चला न्यारा दो दिन में कार्रवाई हुई दो दुनी 11

### फीडबैक सेल की रिपोर्ट पर 11 पुलिसकर्मी सस्पेंड

पुलिस कर्मियों की वर्किंग और जनता में पुलिस का विश्वास बढ़ाने के लिए बनाई थी फीडबैक सेल, उसका असर दिख रहा है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नागरिकों में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति को सफल बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा बनाई गई फीडबैक सेल एवं कमांड कंट्रोल रूम का असर दिखने लगा है। शनिवार को सिटी जोन के अंतर्गत चार थानाक्षेत्र के मामले डीसीपी सिटी जोन के संज्ञान में आए। इसके बाद चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इनकी जांच कराई जा रही है। इन सभी पर भ्रष्टाचार के आरोप पाए गए थे। बता दें कि गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा पुलिस कर्मियों की वर्किंग और जनता में पुलिस का विश्वास बढ़ाने के लिए फीडबैक सेल बनाई गई थी, उसका असर दिख रहा है।

#### दो दिनों में 11 पुलिसकर्मी पर लिया गया एक्शन

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में फीडबैक सेल स्थापित करने के बाद दो दिनों के भीतर 11 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। जिससे पुलिस विभाग में खलबली मची हुई है। तो वही जनता के बीच एक संदेश जा रहा है की लापरवाही और भ्रष्टाचार करने वाले पुलिसकर्मियों पर सीधा एक्शन भी होगा।

#### इन पुलिसकर्मियों पर लिया गया एक्शन

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि फीडबैक सेल द्वारा चार पुलिसकर्मियों की सिटी जोन में नेगेटिव रिपोर्ट आई थी। जिसके बाद मुख्य आरक्षी संजय थाना कवि नगर, मुख्य आरक्षी विदुर थाना सिहानी गेट, आरक्षी दीपक सिंह थाना नंदग्राम और महिला मुख्य आरक्षी भारती पंवार थाना मधुबन बापू धाम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

## ग्रेटर गाजियाबाद योजना पर आगे बढ़ने से पहले जाननी चाहिए स्थानीय लोगों की राय : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ये मेरा सौभाग्य है कि गाजियाबाद ने मुझे तीन बार विधान सभा में प्रतिनिधित्व का अधिकार दिया और इसी आधार पर मुझे दो बार प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी सेवा करने का अवसर मिला।

मैं गाजियाबाद विधान सभा का पहला विधायक हूं जिसे ये सौभाग्य मिला। ये मेरे लिए बड़ी उपलब्धि है। ये अलग बात है कि कभी कभी मुझे और कई लोगों को लगता है कि मेरी कर्त्तव्यपरायणता और निष्ठापूर्वक सत्यनिष्ठा से काम करने के कारण मुझे और अवसर मिलना चाहिए था।लेकिन जो भी अवसर मिले वे भी कोई कम नहीं हैं । बहुत से लोगों को तो ये अवसर भी नहीं मिले।इसलिए मैं मुझे मिले अवसरों से अभिभूत हूं।राजनीति में जो तीन गुण हैं जिनके कारण लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं ।एक, बड़े बाप का बेटा दूसरा , धनपति और तीसरा, जातीय समीकरण तीनों में से कोई भी गुण न होने के बाद हमें अवसर मिले इसके लिए हम इस महानगर के मतदाताओं के जीवन भर आभारी रहेंगे।

किसी भी जनप्रतिनिधि को हमारी सक्रियता और विभिन्न विषयों पर अपनी बेबाक राय रखना अनधिकार चेष्टा लग सकता है। उसे अपने समाज्य में हस्तक्षेप लग सकता है लेकिन मेरी राय किसी राजनैतिक महत्वाकांक्षा पर आधारित नहीं है और न किसी जनप्रतिनिधि को कमतर दिखाने की है। हमें लगता है कि हमारा ये दायित्व है कि इस महानगर के हितों के लिए अपनी समझ के अनुसार अपने प्रयास करते रहें। हमें लगता है कि हम पर इस क्षेत्र का ऋण है और हमें उससे उऋण होने के लिए सभी जनोपयोगी विषयों पर अपनी राय रखते रहना हमारा परम दायित्व है। वैसे भी जागरूक नागरिक के नाते भी महानगर से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मामलों में अपनी राय रखना उचित ही है।

बहुत सारे क्षेत्रों में कई सामाजिक संगठन सक्रिय होते हैं जो समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखते हैं और उनकी राय किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए अपनी भूमिका निर्धारण में सहायक होती है।

कई बार सरकार स्वयं किसी विषय पर जन मानस की राय जानने के लिए उसे मीडिया के माध्यम से जनता के बीच रखती है और फिर जनता की राय के आधार पर अपना निर्णय निर्धारित करती है। कई बार सरकार के प्रतिनिधि किसी होने वाले निर्णय के बारे में उसके जनहित में होने के लाभ बताते हैं। तब जनता को लाभ और हानि के बारे में निष्कर्ष पर पहुंचना आसान होता है।

वर्तमान में ग्रेटर गाजियाबाद का विषय ऐसा महत्वपूर्ण विषय है जिससे क्षेत्र का बहुत बड़ा हिस्सा प्रभावित होने जा रहा है। इसलिए इन क्षेत्रों के निवासियों की राय जानना आवश्यक लगता है। इस विषय से लोगों के न केवल विकास के अवसर प्रभावित होंगे बल्कि सामाजिक और राजनैतिक हित भी प्रभावित होंगे। इसलिए ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर निर्णय से पहले उनकी राय जानना आवश्यक है। अगर जनता को ये पता चल सके कि ये निर्णय किसके सुझाव पर प्रारंभ हुआ है और इस निर्णय से कौन कौन क्षेत्र लाभान्वित होंगे और इस निर्णय से किन किन समस्याओं का समाधान सुलभ हो जाएगा तो हो सकता है हम जैसे कई लोग अपनी राय बदल लें । इसलिए इस विषय पर निर्णय से पहले लाभ हानि की चर्चा हो जाय तो अच्छा रहेगा।

> **वर्तमान में ग्रेटर गाजियाबाद का विषय ऐसा महत्वपूर्ण विषय है जिससे क्षेत्र का बहुत बड़ा हिस्सा प्रभावित होने जा रहा है। इसलिए इन क्षेत्रों के निवासियों की राय जानना आवश्यक लगता है। इस विषय से लोगों के न केवल विकास के अवसर प्रभावित होंगे बल्कि सामाजिक और राजनैतिक हित भी प्रभावित होंगे। इसलिए ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर निर्णय से पहले उनकी राय जानना आवश्यक है। अगर जनता को ये पता चल सके कि ये निर्णय किसके सुझाव पर प्रारंभ हुआ है और इस निर्णय से कौन कौन क्षेत्र लाभान्वित होंगे और इस निर्णय से किन किन समस्याओं का समाधान सुलभ हो जाएगा तो हो सकता है हम जैसे कई लोग अपनी राय बदल लें । इसलिए इस विषय पर निर्णय से पहले लाभ हानि की चर्चा हो जाय तो अच्छा रहेगा।**

## संपादकीय

### फेक न्यूज पर कानून

देश में इंटरनेट का प्रसार बढ़ रहा है और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस तथा डीपफेक के इस्तेमाल में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। ऐसे में फर्जी खबरों यानी फेक न्यूज के कारण सामाजिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। उनसे निपटने के लिए हमें सावधानीपूर्वक संतुलन कायम करना होगा। अपेक्षाकृत तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में तकनीकी रूप से पिछड़ी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करना निश्चित तौर पर समस्याएं पैदा करेगा। ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत में अधिकारी उठाए जाने वाले नियामकीय कदमों को लेकर सतर्क रहें।

दुर्भाग्यवश इन दिनों कर्नाटक में यह सतर्कता नजर नहीं आ रही है। राज्य सरकार ने एक मसौदा विधेयक तैयार किया है जो फर्जी खबरों या अन्य दिक्कतदेह सामग्री तैयार करने पर सात वर्ष तक के कारावास की बात कहता है। यहां समस्या यह है कि फेक यानी ह्यफर्जी खबरोंह्ल की परिभाषा तय करने का काम एक विशेष समिति के हवाले कर दिया गया है जिसकी बात विधेयक में की गई है। इस कानून का इरादा समझा जा सकता है लेकिन यह इस बात का भी उदाहरण है कि कैसे कानून का अत्यधिक इस्तेमाल भी समस्याएं पैदा कर सकता है। कर्नाटक सरकार ने इस बात पर समुचित विचार नहीं किया कि इसका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर क्या असर होगा।

विधेयक एक ऐसी समस्या को प्रदर्शित करता है जो किसी एक राज्य भर की नहीं है। देश में सभी स्तरों पर सरकारी अधिकारी बहुत हद तक अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रतिबंध लगाने के काम में लगे हुए हैं। केंद्र सरकार ने कई अवसरों पर सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को संशोधित किया है ताकि वह स्वयं को अधिक शक्ति संपन्न बना सके और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अंकुश लगा सके। गत वर्ष सितंबर में बंबई उच्च न्यायालय ने उन बदलावों के एक पहलू को नकार दिया था जिनके जरिये सरकार एक ह्यफैक्ट चेक यूनिटह्ल बना सकती थी जिसके तहत भारतीय इंटरनेट से कोई खबर हटाने का आदेश दिया जा सकता था।

कानून व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होती है और उन्होंने भी ऐसे तरीके तलाशने की तेजी दिखाई है जो उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने में मदद करें। कई राज्यों ने फैक्ट चेक यूनिट कायम की हैं परंतु कुछ राज्यों ने तो इससे भी आगे बढ़कर कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र ने तथाकथित ह्यअर्बन नक्सलह्ल के खिलाफ बिल प्रस्तावित किया है। इस शब्द का प्रयोग अक्सर वाम धड़े के असल चरमपंथियों के लिए नहीं ( खुशकिस्मती से इन दिनों यह समस्या समाप्त हो रही है) बल्कि अकादमिक तंत्र में सत्ता से असहमत लोगों के लिए किया जा रहा है। ऐसे कानूनों से अलग भी राज्यों के अधिकारियों और स्थानीय स्तर के अधिकारियों में कानून-व्यवस्था के नाम पर इंटरनेट को पूरी तरह बंद करने को लेकर लगाव बढ़ता जा रहा है। कई बार तो एकदम निचले स्तर के अधिकारी भी ऐसे आदेश दे देते हैं।

विकास के क्षेत्र में बाधाओं की बात करें तो भारत की सबसे बड़ी दिक्कत अफसरशाही और नियामकीय क्षमता रही है। खासतौर पर राज्य स्तर पर। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लगातार कम होती इस क्षमता को उन प्रणालियों की ओर मोड़ा जा रहा है जो देश में अभिव्यक्ति की आजादी को प्रतिबंधित या प्रभावित करने से संबंधित हैं। यह संवैधानिक अनिवार्यता का तो उल्लंघन है ही, देश की आबादी की विकास आकांक्षाओं के साथ भी धोखा है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि देश की सरकारें इस मामले में पीछे हटें और अपने रुख को नए सिरे से परखें। अनुबंध प्रवर्तन में शिथिलता है और जांचों में देरी होती है। क्या फर्जी खबरों या ह्यखतरनाकह्ल अभिव्यक्ति से निपटने के नाम पर नए आपराधिक मामलों और जांचों को जोड़ना आवश्यक और उचित है? केंद्र सरकार का कानूनी ढांचे में अपराधीकरण कम करने का इरादा सराहनीय है। इस सिद्धांत को केवल कानून तक लागू न रखकर सामान्य शासन में भी लागू किया जाना चाहिए।

# पीएनबी घोटाले मामले में नीरव का भाई नेहल मोदी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पीएनबी घोटाले मामले में भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई और ईडी के प्रत्यर्पण के अनुरोध के बाद उन पर शिकंजा कसा गया है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भगोड़े आर्थिक अपराधी नीरव मोदी के भाई को 4 जुलाई को अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से संयुक्त रूप से किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध की गई।

इससे पहले साल 2019 में प्रवर्तन निदेशालय ने इंटरपोल से नीरव मोदी को बैंक फंड्स को लूटने में मदद करने के आरोप में नेहल मोदी की भूमिका के लिए उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध किया गया था। कौन के नागरिक हैं नेहल मोदी? पीएनबी घोटाले में उनपर क्या आरोप हैं? आइए इन सवालों के

जवाब विस्तार से जानते हैं। नेहल मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में कथित 13,600 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी वाले बैंक लेनदेन के मामले के आरोपी और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी का भाई है। नेहल मोदी के खिलाफ इससे पहले 2019 में रेड नोटिस जारी किया गया था। 46 वर्ष का नेहल मोदी बेल्जियम का नागरिक है। नेहल मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में वांछित है। यह देश के इतिहास में सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक है। प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से की गई जांच में नेहल मोदी को नीरव मोदी की आपराधिक आय को वैध बनाने के लिए काम करने वाले अहम शख्स पाया गया था। नीरव मोदी ब्रिटेन से प्रत्यर्पण की कार्रवाई का सामना कर रहा है। नेहल मोदी पर पीएनबी घोटाले में हुई धोखाधड़ी में अपने भाई नीरव मोदी की मदद करने के आरोप हैं। इससे पहले ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि नेहल ने जानबूझकर और जानबूझकर नीरव को कथित मनी लॉन्ड्रिंग को छिपाने और सबूतों को नष्ट करने में मदद की। नेहल की भूमिका का विवरण देते हुए ईडी की शिकायत में कहा गया था, पंजाब नेशनल बैंक में 13,600 करोड़ रुपये का घोटाला के बाद, नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी ने दुबई और हांगकांग स्थित डमी कंपनियों के निदेशकों के सभी सेल फोन नष्ट कर दिए और नीरव मोदी के कैरो पहुंचने में मदद के लिए टिकटों की व्यवस्था की।

# खुदरा व्यापार हो सकता है प्रभावित, जीरोधा के सीईओ

**नई दिल्ली।** जीरोधा के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नितिन कामथ ने आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि अगर जेन स्ट्रीट जैसी स्वामित्व वाली ट्रेडिंग कंपनियां, जो विकल्प कारोबार में करीब 50 प्रतिशत का योगदान देती हैं। ऐसे में ये अगर बाजार में

अपनी भागीदारी कम कर देती हैं तो खुदरा कारोबार की गतिविधि प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से एक्सचेंजों और ब्रोकरों दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

कामथ ने एक्स पर कहा, ₹जेन स्ट्रीट जैसी प्रॉप ट्रेडिंग फर्म ऑप्शन ट्रेडिंग वॉल्यूम का लगभग 50% हिस्सा हैं। यदि वे पीछे हटते हैं- जो कि संभावित है- तो खुदरा गतिविधि (प्त 35%) भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए यह एक्सचेंजों और ब्रोकर्स दोनों के लिए बुरी खबर हो सकती है,

उन्होंने कहा, हम अगले कुछ दिन इसका खुलासा करेंगे। एफएंडओ वॉल्यूम से पता चल सकता है कि हम इन प्रॉप दिग्गजों पर कितने निर्भर हैं।

# पहली तिमाही के दौरान आईटी क्षेत्र से मिले-जुले प्रदर्शन की उम्मीद

## मध्यम श्रेणी की कंपनियां रहेंगी आगे

**नई दिल्ली।** भारतीय सूचना और प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में मिलाजुला प्रदर्शन देगा। इसमें टियर-1 कंपनियों की राजस्व वृद्धि धीमी रहने की संभावना है। वहीं, मिड टियर कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयरा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता, अमेरिकी टैरिफ और व्यापक मैक्रोइकॉनोमिक चुनौतियों के कारण विवेकाधीन खर्च में कमी के बावजूद, मांग में गिरावट अपेक्षा से कम रही है। इससे कंपनियों को वित्त वर्ष 2026 के मार्गदर्शन को बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसमें कहा गया कि आईटी कंपनियों के पास अभी भी नए प्रोजेक्ट्स आने की उम्मीद बनी हुई है। खासकर उन क्षेत्रों में जैसे खर्च कम करने के उपाय, बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाना और एआई से जुड़े काम।

रिपोर्ट के अनुसार जनरेटिव एआई एक महत्वपूर्ण विकास चालक बना हुआ है। कंपनियाँ अब इसे केवल परीक्षण के तौर पर नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर अपनाने लगी हैं। इस बदलाव को एक्सेंचर की जनरेटिव एआई से जुड़ी मजबूत डील्स का भी समर्थन मिल रहा है। जनरेटिव एआई अब तेजी से बढ़ने वाला एक बड़ा कारण बन गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आईटी सेक्टर को एक बड़ा विदेशी मुद्रा लाभ (क्रॉस-करेंसी टेलविंड) मिलेगा, जो 50 से 300 आधार अंक के बीच हो सकता है।

## राशिफल

**मेष:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी।

**वृष:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**तुला:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मकर:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं।

## चुटकुले

चोलू- कल रात देर से घर पहुंचा तो पत्नी ने परदे फाड़ दिए.
मोलू- अच्छा ही हुआ, तुम बच गए।
चोलू- घर के नहीं, मेरे कान के परदे फाड़ दिए।

---

पिंकू- मम्मी, मुझे स्कूल से निकाल दिया गया है।
मम्मी- क्यों?
पिंकू- मैंने तो बस एक मच्छर मारा था।
मम्मी- इतनी सी बात पर कोई नहीं निकालता है।
पिंकू- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा था।

---

टीलू की 2 करोड़ की लॉटरी निकली
लॉटरीवाला - आपको टैक्स काटकर 1.75 करोड़ मिलेंगे
टीलू - ये गलत बात है, मुझे पूरे 2 करोड़ दो, नहीं तो मेरे टिकट के 100 रुपये वापस करो।

---

भाई- क्यों रो रही हो?
बहन- मेरे नंबर बहुत कम हैं।
भाई- कितने नंबर आए हैं?
बहन- केवल 90%
भाई- बहन रहम कर, इतने में तो हम जैसे तीन लड़के पास हो जाते हैं।

# 2026 की पहली तिमाही में थमी रहेगी महंगाई

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुरूप रहने की उम्मीद है। यह स्थिति अनुकूल सांख्यिकीय आधार और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार गिरावट की वजह से बनी हुई है। बैंक ऑफ बड़ौदा का हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

**वित्त वर्ष 2026 के लिए सीपीआई 3.7 रहने का अनुमान :** केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) का अनुमान 3.7 प्रतिशत लगाया है। पहली तिमही के लिए 2.9%, दूसरी तिमाही में 3.4%, तीसरी तिमाही में 3.9% और चौथी तिमाही में 4.4% रहने की संभावना जताई गई है।

**बीओबी आवश्यक वस्तु सूचकांक में गिरावट :** जून 2025 में बीओबी आवश्यक वस्तु सूचकांक (बीओबी ईसीआई) में वार्षिक आधार पर 1.8% की गिरावट दर्ज की गई, जो मई 2025 के 0.6% से अधिक है। यह लगातार तीसरा महीना है, जब सूचकांक नकारात्मक क्षेत्र में बना हुआ है। यह मुख्य रूप से सब्जियों और दालों की कीमतों में तेज सुधार, बेहतर उत्पादन और अनुकूल आपूर्ति स्थितियों के कारण हुआ है।

रिपोर्ट में बताया गया कि जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 2.6% पर स्थिर रहने की संभावना है। इससे यह संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में आरबीआई के पास विकासोन्मुखी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कुछ गुंजाइश होगी।

टमाटर, प्याज, आलू (टॉप) श्रेणी की सब्जियों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। जून में प्याज की खुदरा कीमतों में सालाना 26.1% और आलू में 20.3% की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। वहीं टमाटर 24% सस्ता हुआ।

दालों में अरहर दाल में सबसे अधिक 23.8% की गिरावट देखी गई। यह लगातार चौथा महीना है जब इसमें दो अंकों की गिरावट रही। उड़द, मसूर और मूंग की कीमतें भी लगातार घट रही हैं, जिसे खरीफ फसलों की बेहतर बुवाई का समर्थन मिला। अनाज, खास तौर पर चावल की खुदरा कीमतों में भी नरमी देखी गई, जहां जून में 5.1% की गिरावट आई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- खाने का स्वाद उसमें लार यानी सलाइवा मिलने के बाद ही आता है।
- यदि मकड़ी को जलाया जाये तो वो बारूद की तरह फट जायगी।
- मानव गर्भनिरोधक गोलियां गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- क्या आपको पता है कि, अरेबिक नुमराल सिस्टम का भी खोज भारत में ही हुआ था।
- मच्छर के मुंह में 47 दांत होते हैं।
- अमेरिका के मूल निवासी अपने बच्चों का पहला नाम उस चीज के नाम पर रखते हैं जिस चीज को वह अपने घर से बाहर निकलते ही सबसे पहले देखता है।
- पक्षियों में केवल तोता ही ऐसा पक्षी है जो जम्हाई लेता है।
- अगर हम सूर्य को एक क्रिकेट की गेंद मान ले तो पृथ्वी का आकर एक धूल के कण के बराबर होगा।
- तेंदुआ अँधेरी रात में भी अच्छी तरह से देख सकता है।
- क्या आपको पता है कि, हमारे देश मे डॉल्फिन मछली को नहीं पकड़ा जा सकता है, ये एक जुर्म है।
- गस्त माह में सबसे ज्यादा बच्चे पैदा होते हैं।
- पक्षियों के कान उनके पंखों के नीचे छिपे होते हैं।

## 06 07 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

रणवीर सिंह
अभिनेता

लक्ष्य कौशिक

नमामि चौहान

दीपांशु बिष्ट

अनुसन राघव

अरमान कुरैशी

साध्वी डा. गिरिजा नंदनी

लज्जा यादव

पं उग्रनाथ वत्स

हारूण चौधरी

विजय कुमार

राहुल सोनी

राजेन्द्र कुमार

राजकुमार भारती

सचिन सैनी

नितेश उपाध्याय

विभु पंडित

ललित चौधरी

धीरज शर्मा

नरेन्द्र शर्मा

सुधीर त्यागी

अनुराग तौमर

विनय चौधरी

जीशन खान

शान हैदर जैदी

अखिलेश चौधरी

अतुल त्रिपाठी

ज्ञान सिंह

मनोज डागर

ओमकार तोमर

मोमी मलिक

जाहिद अल्वी

विक्रम सिंह

विभू पंडित

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# इंग्लैंड की वापसी, रोमांचक मुकाबले में भारत को पांच रन से हराया, मंधाना का अर्धशतक बेकार

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने भारत को तीसरे टी20 में रोमांचक मुकाबले में हराकर पांच मैचों की सीरीज में जबरदस्त वापसी की। लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और नौ विकेट पर 171 रन बनाए इसके जवाब में भारत एक समय अच्छी स्थिति में दिख रहा था। स्मृति मंधाना (56) और शेफाली वर्मा (47) ने कई जीवनदान का फायदा उठाकर पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। इंग्लैंड ने भारत को 20 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन पर रोक दिया। हालांकि, भारतीय टीम सीरीज में अब भी 2-1 से आगे है। सीरीज का चौथा मुकाबला नौ जुलाई को मैनचेस्टर के ओल्ट ट्रैफर्ड में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकले (75) और डैनी व्याट-हॉज (66) ने पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी करके उसे शानदार शुरूआत दिलाई, लेकिन इंग्लैंड ने 25 गेंदों में 31 रन के अंदर नौ विकेट गंवा दिए और इस तरह से आखिर में 171 रन ही बना सकी। डंकले ने 53 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि व्याट-हॉज ने अपनी 42 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। दीप्ति शर्मा (3/27) ने 16वें ओवर में डंकले को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। अरुंधति रेड्डी (3/32) ने 17वें ओवर में एलिस कैप्सी (02), वायट-हॉज और एमी जोन्स (00) को आउट करके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठाने दिया। टैमी ब्यूमोंट (02) को राधा यादव (1/15) ने बोल्ड किया। श्री चरनी (2/43) ने पैगे स्कोल्फील्ड (04) और वोंग (00) को जबकि दीप्ति ने एक्लेस्टोन (10) और फाइलर (00) को आउट किया। जवाब में भारत की बल्लेबाजी अंतिम क्षणों में लड़खड़ा गई। इंग्लैंड ने खराब फील्डिंग के बावजूद भारत को जीत की हैट्रिक लगाने से रोक दिया। लॉरेन फाइलर (2/30) ने 16वें ओवर में मंधाना को आउट करके इंग्लैंड की जीत की नींव रखी। सोफी एक्लेस्टोन (1/24), लॉरेन बेल (1/37) और इस्सी वोंग (1/36) ने एक-एक विकेट लिया। भारत को अंतिम गेंद पर छह रन की जरूरत थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (23) बेल की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में आउट हो गई। भारत की निगाहें इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार टी20 सीरीज जीतने पर टिकी थीं। भारत ने पावरप्ले में 61 रन बनाए। शेफाली ने 25 गेंदों पर 47 रन की पारी में सात चौके लगाए, लेकिन नौवें ओवर में एक्लेस्टोन की गेंद पर आउट हो गईं। मंधाना ने 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन उनके लगातार छह डॉट गेंदें खेलने के बाद फाइलर की गेंद पर आउट होने से इंग्लैंड की उम्मीद जगी। जेमिमा रोड्रिग्स (20) को भी फाइलर ने आउट किया जबकि रिचा घोष बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में वोंग की गेंद पर कैच आउट हो गईं।

# शुभमन और बशीर के सिर पर बॉल लगी: स्टोक्स का पहला गोल्डन डक, स्मिथ-ब्रूक में 303 रन की पार्टनरशिप

**बर्मिंघम।** बर्मिंघम टेस्ट में भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिल गई। टीम ने 587 रन के जवाब में इंग्लैंड को 407 रन पर समेट दिया। इंडियन कैप्टन शुभमन गिल को कैच लेने की कोशिश में सिर पर बॉल लग गई। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट करियर में पहली बार पहली गेंद पर आउट (गोल्डन डक) हुए। जैमी स्मिथ ने महज 80 गेंद पर सेंचुरी लगा दी, उन्होंने हैरी ब्रूक के साथ छठे विकेट के लिए 303 रन की पार्टनरशिप भी की। मोहम्मद सिराज ने 2 गेंद पर लगातार 2 विकेट लिए। वहीं भारतीय फील्डर्स ने 2 आसान कैच छोड़े। बेन स्टोक्स का पहला गोल्डन डक इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पहली ही गेंद पर कॉट बिहाइंड हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने बाउंसर फेंक कर विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। 113 टेस्ट के करियर में स्टोक्स 16वीं बार जीरो पर आउट हुए, लेकिन पहली बार ही किसी बॉलर ने उन्हें पहली गेंद पर पवेलियन भेजा।

टेस्ट क्रिकेट में बगैर गोल्डन डक के सबसे ज्यादा पारियां खेलने का रिकॉर्ड भारत के राहुल द्रविड़ के नाम है। जो 286 पारियों बाद गोल्डन डक हुए थे। जैमी स्मिथ ने 80 बॉल पर शतक लगाया इंग्लैंड के विकेटकीपर बैटर जैमी स्मिथ ने महज 80 गेंद पर शतक लगा दिया। यह इंग्लैंड से चौथा सबसे तेज टेस्ट शतक रहा। फास्टेस्ट सेंचुरी का रिकॉर्ड गिल्बर्ट जेसप के नाम है, जिन्होंने 1902 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 76 गेंद पर सेंचुरी लगा दी थी। ब्रूक ने सबसे तेज 2500 रन बनाए इंग्लैंड से हैरी ब्रूक ने भी शतक लगाया, उन्होंने 158 रन की पारी खेली। इस इनिंग के साथ उनके 2500 टेस्ट रन भी पूरे हो गए। उन्होंने इतने रन सबसे कम गेंदों में पूरे कर लिए। ब्रूक ने 2500 टेस्ट रन बनाने के लिए महज 2832 गेंदें खेलीं।

इंग्लिश विकेटकीपर का सबसे बड़ा स्कोर जैमी स्मिथ 184 रन बनाकर नॉटआउट रहे। यह इंग्लैंड के किसी भी विकेटकीपर बैटर का टेस्ट में सबसे बड़ा स्कोर है। उन्होंने एलीस स्टीवर्ट का 28 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1997 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 173 रन बनाए थे। भारत के खिलाफ छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप जैमी स्मिथ और हैरी ब्रूक ने छठे विकेट के लिए 303 रन की पार्टनरशिप की।

## बर्मिंघम में बरसे शशिकला नेगी के मुक्के

# वुशू प्रतियोगिता में कशिश ठाकुर ने जीता रजत

**हिमाचल।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर की दूनी गांव की एसएसबी में कार्यरत मुक्केबाज शशिकला नेगी ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में अंतरराष्ट्रीय पुलिस खेलों की बॉक्सिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता है। एसएसबी सीएपीएफ दिल्ली में कार्यरत शशिकला नेगी का विश्व पुलिस खेलों में बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए पैरामिल्ट्री फोर्स की ओर से भारतीय महिला टीम में चयन हुआ है। नेगी ने 75 किग्रा में रजत पदक जीता। नेगी ने राष्ट्रीय स्पधाओं के अलावा अब तक चार बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक भी जीते हैं। विश्व चैंपियनशिप में बुल्गारिया और सर्बिया में भाग लिया है। इसके अलावा एआईबीए महिला जूनियर और युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2013 में भाग लिया। गोल्डन ग्लब्स मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2014 में स्वर्ण पदक, पहली एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2016 में रजत हासिल कर चुकी हैं।

### जूनियर वुशू प्रतियोगिता में कशिश ठाकुर ने जीता रजत

24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीत के साथ आगाज किया है। दूसरे दिन हिमाचल के आठ खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की है। प्रतियोगिता तेलंगाना के हैदराबाद में चल रही है। प्रदेश वुशू खेल संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि प्रदेश की खिलाड़ी कशिश ठाकुर ने ताईजीशान इवेंट में रजत पदक जीता है। कशिश ठाकुर इससे पहले खेलो इंडिया (महिला) प्रतियोगिता और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अब तक छह रजत मेडल जीत चुकी हैं। लड़कों के वर्ग में अक्षय कुमार ने 65 किलोग्राम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खिलाड़ी को हराकर जीत दर्ज की है। इसके 56 किलोग्राम भार में अनिल डोगरा ने तेलंगाना को, 70 किलोग्राम भार में पंकज ठाकुर ने पुडुचेरी के खिलाड़ी और 75 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में आर्यन अगले दौर में पहुंच गए हैं। लड़कियों के वर्ग में 45 किलोग्राम भार में शिवाली, सानिया ठाकुर 48 किलोग्राम भार में अगले दौर में पहुंच गई हैं। भूमिका ने 52 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में तेलंगाना, नीलम देवी ने 56 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की खिलाड़ी को पराजित किया। संघ के अध्यक्ष शिवपाल मनहास ने प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने और अन्य खिलाड़ियों की जीत पर बधाई दी है।

# 'आकाश दीप घोड़े की तरह हैं', सिराज ने क्यों कहा ऐसा ? मियां भाई के लिए अर्शदीप का अलग अंदाज

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में छह विकेट लेकर मोहम्मद सिराज ने तहलका मचा दिया। हालांकि, सिराज ने इसका श्रेय साथी तेज गेंदबाज आकाश दीप को दिया और पश्चिम बंगाल के इस तेज गेंदबाज को घोड़े की संज्ञा देते हुए कहा कि आकाश केवल मौके का इंतजार कर रहे थे। आकाश दीप ने 88 रन देकर चार विकेट लिए। इन दोनों ने एक दूसरे का अच्छी तरह से साथ दिया, जिससे भारत ने इंग्लैंड को 407 रन पर आउट करके पहली पारी में 180 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। भारत ने अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए थे। बीसीसीआई ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अर्शदीप मियां भाई को लेकर कुछ कहते नजर आ रहे हैं। अर्शदीप ने कहा कि सिराज का डायलॉग बदल गया है। अर्शदीप ने कहा- अब सिराज कहेंगे कि मैं हमेशा खुद पर विश्वास रखता हूं और जस्सी भाई (बुमराह) पर।

### 'आकाश के साथ गेंदबाजी करने में मजा आया'

वहीं, सिराज ने बीसीसीआई.टीवी से कहा, 'आकाश दीप घोड़े की तरह है। वह मौके का इंतजार कर रहे थे और जब उन्हें मौका मिला तो उन्होंने दिखा दिया कि वह कितने बेताब थे। ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनके साथ गेंदबाजी करने में काफी मजा आया। मुझे जब जिम्मेदारी दी जाती है तो मैं खुश रहता हूं। मेरा एकमात्र लक्ष्य अपनी तरफ से रन नहीं देना था। मैंने हरसंभव नियंत्रण के साथ गेंदबाजी करने और बल्लेबाजों को दबाव में रखने की कोशिश की।' जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिए जाने के कारण प्लेइंग-11 में जगह बनाने वाले आकाश दीप ने भी सिराज को श्रेय दिया और कहा कि उन्हें उनके साथ नई गेंद साझा करने में बहुत मजा आया। आकाश ने कहा, 'पहली नई गेंद से मुझे दो विकेट मिले लेकिन मियां (सिराज) ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने एक छोर से दबाव बनाए रखा। सिराज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमने नई गेंद के साथ गेंदबाजी करके एक दूसरे का अच्छा साथ दिया। इसमें बड़ा मजा आया। जिस तरह से हमने दूसरी नई गेंद के साथ वापसी की वह विशेष था।' आकाश दीप पहली बार पांच विकेट लेने से चूक गए, लेकिन उन्हें इसका कोई अफसोस नहीं है। उन्होंने कहा, 'पांच विकेट लेने का भविष्य में भी मौका मिलेगा। मैं कभी इन चीजों के बारे में नहीं सोचता।' भारत चौथे दिन एक विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरू करेगा और इंग्लैंड के सामने बड़ा लक्ष्य रखने की कोशिश करेगा।

# सुपर यूनाइटेड टूर्नामेंट में गुकेश ने बनाई तीन अंक की बढ़त, वेसली को हराकर रैपिड वर्ग में शीर्ष पर रहे

**नई दिल्ली।** मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद विश्व चैंपियन डी गुकेश ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा सुपर यूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी रखते हुए रैपिड वर्ग में शीर्ष पर रहे। उन्होंने अंतिम नौवें दौर में अमेरिका के वेसली सो को हराया। उनके कुल 14 अंक रहे और उन्होंने तीन अंकों की बड़ी बढ़त बनाई है। प्रज्ञानंद ने 7वें दौर में इवान सेरिक को हराया। वह नौ अंक लेकर कारुआना के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश ने तीसरे दिन दो ड्रॉ खेले और फिर वेसली को हराया। उन्हें नौवें दौर में डूडा के खिलाफ हार मिली, दो ड्रॉ खेले, 6 में जीत हासिल की। ब्लिट्ज में 18 दौर खेले जाएंगे, यहां गुकेश की 3 अंकों की बढ़त काम आएगी। विश्व चैंपियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व विजेता मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।

# छह विकेट लेने वाले सिराज बोले- लंबे समय से इंतजार था; आकाश दीप ने कहा- स्विंग का सोचा था

**नई दिल्ली।** एजबेस्टन टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को उधेड़ने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में आक्रमण की अगुआई करने की जिम्मेदारी उठाने में मजा आ रहा है। उन्होंने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान 70 रन देकर छह विकेट चटकाए और मेहमान टीम को बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सिराज ने अपने शानदार प्रदर्शन को अविश्वसनीय बताया और कहा कि इसका उन्हें लंबे समय से इंतजार था।

वहीं, तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भी चार विकेट लिए। उन्होंने कहा कि वह इंग्लैंड में सीम और स्विंग कराने की सोच रहे थे, लेकिन वैसे हालात नहीं थे। वहां अनुशासन के साथ गेंदबाजी करना ज्यादा महत्वपूर्ण था। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे, जिसके जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। जेमी स्मिथ (207 गेंदों पर नाबाद 184 रन) और हैरी ब्रूक (234 गेंदों पर 158 रन) के शतकों की वजह से इंग्लिश टीम इस स्कोर तक पहुंच पाई। ब्रूक और स्मिथ ने मिलकर 368 गेंदों पर 303 रन की साझेदारी की।

सिराज ने कहा, 'यह अविश्वसनीय है क्योंकि मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं, लेकिन विकेट नहीं ले पा रहा हूं। मैंने इससे पहले यहां केवल चार विकेट लिए थे, इसलिए छह विकेट लेना बहुत खास है।' सिराज ने कहा कि विकेट धीमा था, जिससे अनुशासन बनाए रखना महत्वपूर्ण हो गया। उन्होंने कहा, 'विकेट बहुत धीमा था, लेकिन जब आपको आक्रमण का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी जाती है, तो मेरा लक्ष्य बहुत अधिक प्रयास न करके सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करना और अनुशासन के साथ गेंदबाजी करना होता है। मेरी मानसिकता रन नहीं देना था।'

इस टेस्ट के लिए बुमराह को आराम दिए जाने के बाद सिराज ने आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा की अपेक्षाकृत कम अनुभव वाली तेज गेंदबाजी इकाई का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, 'यह आकाश दीप का तीसरा या चौथा मैच है, प्रसिद्ध के लिए भी यही है, इसलिए मेरा ध्यान केवल निरंतर बने रहने और दबाव बनाने पर था। मुझे अलग-अलग चीजें आजमाने का मन कर रहा है, लेकिन मुझे निरंतर बने रहना है।' बुमराह के बिना गेंदबाजी करते हुए अपने शानदार रिकॉर्ड के बारे में पूछे जाने पर, सिराज ने कहा, 'मुझे जिम्मेदारी पसंद है, मुझे चुनौती पसंद है।'

# एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट दो बार के ओलंपिक पदक विजेता

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भारत में प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। नीरज चोपड़ा क्लासिक (एनसी) टूर्नामेंट में नीरज अपने ही नाम के टूर्नामेंट में दम दिखाने उतरेंगे। इस टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को बंगलूरू के कांतीरावा स्टेडियम में होगा जिसमें नीरज खिताब जीतने के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे।

नीरज इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने 90 मीटर की बहुप्रतिक्षित बाधा भी पार कर ली है। उन्होंने 24 जून को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक और 20 जून को पेरिस डायमंड लीग में जीत हासिल की थी और अब उनकी नजरें एनसी क्लासिक में जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। 27 वर्ष के नीरज इस खेल में लगभग सभी खिताब जीत चुके हैं जिनमें ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक, डायमंड लीग फाइनल ट्रॉफी, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक शामिल हैं।

इस टूर्नामेंट में 12 खिलाड़ियों में सात विदेशी एथलीट और नीरज सहित पांच भारतीय होंगे। नीरज के अलावा चार भारतीय सचिन यादव, यशवीर सिंह, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं। जर्मनी के 2016 ओलंपिक चैंपियन थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिकी कर्टिस थॉम्पसन, चेक गणराज्य के मार्टिन कोनेकनी, ब्राजील के लुइस मौरिसियो दा सिल्वा, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और पोलैंड के साइप्रियन मिर्जिगलोड विदेशी प्रतियोगी हैं।

नीरज चोपड़ा क्लासिक का पहला सत्र भारतीय प्रशंसकों को विश्व स्तरीय टूर्नामेंट देखने का मौका देने के मकसद से आयोजित किया गया है जिससे खेल की लोकप्रियता भी बढ़ेगी। कांतीरावा स्टेडियम पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय प्रशंसकों को नीरज को खेलते देखने का मौका मिलेगा। वह भी फिर से 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंकना चाहेंगे जो उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में फेंका था। नीरज एक साल बाद भारत में खेल रहे हैं।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने कहा, भारत में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन लंबे समय से मेरा सपना रहा है जो अब सच होने जा रहा है। मैं बहुत रोमांचित हूं। मैने देश के लिए ओलंपिक और अन्य पदक जीते हैं लेकिन अब इस टूर्नामेंट के जरिए भारतीय एथलेटिक्स, एथलीटों और प्रशंसकों को कुछ लौटाने जा रहा हूं।

### पहले मई में होना था टूर्नामेंट

नीरज ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और विश्व एथलेटिक्स के साथ मिलकर इसका आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि एनसी क्लासिक हर साल होगा और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में इसमें भालाफेंक के साथ और भी खेल जोड़े जाएंगे। एनसी क्लासिक पहले 24 मई को हरियाणा के पंचकूला में होना था लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रसारकों की जरूरत के अनुसार लाइट की व्यवस्था नहीं होने से इसे बंगलूरू में कराया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। नीरज खिताब के प्रबल दावेदार, 12 खिलाड़ी खेलेंगे।

# टेस्ट में 'शून्य' ने भी छुआ 10 हजार का आंकड़ा, इंग्लैंड ने 29 साल पुराने इस रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में खेले जा रहे टेस्ट में एक अनोखा आंकड़ा पार हो गया। दरअसल, ब्रायडन कार्स के शून्य पर आउट होते ही उनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। उनका आउट होना इसलिए खास रहा क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में 10,000वीं बार कोई बल्लेबाज शून्य पर आउट हुआ। कार्स इस अनचाहे रिकॉर्ड का हिस्सा बने। एजबेस्टन में भारत के 587 रन के जवाब में इंग्लैंड की पारी 407 रन पर समाप्त हुई थी और टीम इंडिया को 180 रन की बढ़त मिली थी। इंग्लिश पारी के दौरान छह बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इनमें बेन डकेट, ओली पोप, बेन स्टोक्स, कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर शामिल हैं।

### इंग्लैंड ने इस अनचाहे रिकॉर्ड की बराबरी की

इसी के साथ भारतीय टीम के नाम भी एक खास रिकॉर्ड जुड़ गया, जो कि इंग्लैंड के लिए अनचाहा रिकॉर्ड है। विपक्षी टीम के छह बल्लेबाजों को खाता नहीं खोलने देना भारत की ओर से सबसे ज्यादा है। इंग्लैंड की टीम ने भारत के खिलाफ टेस्ट की किसी एक पारी में सबसे ज्यादा शून्य पर आउट हुए बल्लेबाजों का अनचाहा रिकॉर्ड अपना नाम किया। इंग्लिश टीम ने इस मामले में 1996 में यानी 29 साल पहले दक्षिण अफ्रीका के रिकॉर्ड की बराबरी की। हालांकि, विदेशी जमीन पर यह पहली बार है जब पारी में विपक्षी टीम के छह बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके हों। 1996 में अहमदाबाद में खेले गए टेस्ट की पारी में दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके थे। भारत ने वह टेस्ट मैच 64 रन से अपने नाम किया था।

### तीसरे दिन तक का खेल

मोहम्मद सिराज (70 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (88 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को इंग्लैंड की पहली पारी को 407 रन पर समेटने के बाद अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। पहली पारी में 587 रन बनाने वाली भारतीय टीम की कुल बढ़त 244 रन की हो गयी है। तीसरे दिन खेल खत्म होते समय लोकेश राहुल 28 और करुण नायर सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने इस दौरान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (28 रन) का विकेट जोश टंग की गेंद पर गंवाया। इससे पहले इससे पहले जेमी स्मिथ (नाबाद 184) और हैरी ब्रुक (158) की बड़ी शतकीय पारियों और दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 303 रन की साझेदारी के बाद भी इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई।

भारत ने नई गेंद मिलने के बाद इंग्लैंड के आखिरी पांच विकेट 22 रन के अंदर चटका दिए। इंग्लैंड के छह बल्लेबाजी खाता खोले बगैर आउट हुए। दिन के तीसरे सत्र में इंग्लैंड की पारी को समेटने के बाद भारत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। राहुल ने कार्स के खिलाफ कवर क्षेत्र में शानदार चौका लगाया, जबकि जायसवाल ने वोक्स के खिलाफ पुल शॉट पर चार रन बटोरे। जायसवाल ने छठे ओवर में कार्स के खिलाफ लगातार तीन चौके के साथ भारत की बढ़त को 200 रन के पार पहुंचा दिया तो वहीं दूसरे छोर से राहुल ने वोक्स के ओवर में तीन चौके जड़ दिये। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए जोश टंग ने जायसवाल को एल्बीडब्ल्यू आउट कर पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी को तोड़ा।

# आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर कला प्रदर्शनी का आनंद उठा रहे यात्री

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनसीआरटीसी यात्रियों के अनुभव को और भी यादगार बनाने के लिए निरंतर नए-नए प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में अब आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर आयोजित कला प्रदर्शनी के साथ ही यात्रियों को निःशुल्क लाइव पोर्ट्रेट बनवाने का भी लुत्फ मिल रहा है। अब तक नमो भारत के सैकड़ों यात्री अपने लाइव पोर्ट्रेट बनवाकर अपनी यात्रा को यादगार बना चुके हैं। एनसीआरटीसी इस खास एक्टिविटी का आयोजन इंटरनेशनल इंस्ट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स (आईआईएफए), मोदीनगर के सहयोग से कर रहा है, जिसके अंतर्गत संस्थान के छात्र स्टेशन परिसर में यात्रियों की लाइव स्केचिंग कर रहे हैं। नमो भारत के यात्री 27 जुलाई 2025 तक इस कला प्रदर्शनी का आनंद ले सकते हैं। स्टेशन के अपर कॉनकोर्स लेवल पर नॉन पेड एरिया में लगाई गई चित्रकला प्रदर्शनी, ह्यायंग ब्रश स्ट्रोक्सह्ल के साथ ही फ्री लाइव स्केचिंग जोन बनाया गया है। इस प्रदर्शनी में आईएफए के छात्रों और शिक्षकों द्वारा बनाई गई कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। एनसीआरटीसी का प्रयास है कि नमो भारत स्टेशनों को यात्रा के केवल एक स्टॉप के बजाए एक जीवंत, सामाजिक केंद्र में परिवर्तित कर यात्रियों की यात्रा को और सुखद बनाया जाए। इस श्रृंखला में एनसीआरटीसी द्वारा कई पहल की जा रही है। लाइव स्केचिंग और चित्रकला प्रदर्शनी इसी दिशा में किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा हैं।

### प्रदर्शनी को अब तक हजारों लोग देख चुके

करंट क्राइम। यह पहल इन युवा कलाकारों को एक मंच प्रदान कर रही है जिसके माध्यम से वह अपनी कला और प्रतिभा को हजारों लोगों के साथ साझा कर रहे हैं। 27 जून को एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल द्वारा उद्घाटित की गई इस प्रदर्शनी को अब तक हजारों लोग देख चुके हैं और एनसीआरटीसी को इस सफल पहल के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। आईआईएफए के युवा कलाकारों ने भी एनसीआरटीसी को इस पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## 27 जुलाई 2025 तक चलेगी प्रदर्शनी

### सफल पहल है नमो भारत अनप्लग्ड- म्यूज़िकल फ्राइडेज

करंट क्राइम। नमो भारत स्टेशनों को एक सामाजिक केंद्र में बदलने की एक और सफल पहल है नमो भारत अनप्लग्ड- म्यूज़िकल फ्राइडेज। हर शुक्रवार की शाम 6 बजे से आनंद विहार स्टेशन पर आयोजित होने वाले म्यूज़िकल फ्राइडेज का यह दूसरा संस्करण है, जिसे सीजन 1 की अपार सफलता और लोगों की मांग पर फिर शुरू किया गया है। म्युज़िकल फ्राइडे स्कूल, कॉलेजों और एनसीआर के अन्य उभरते संगीत बैंड्स या एकल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है। साथ ही, दिन के अंत में थककर लौटते हुए यात्रियों का मनोरंजन कर उन्हें भी एक मौका देता है कि वे दो पल ठहर कर, अपने तनाव भूल कर, एक खूबसूरत शाम का आनंद ले सकें। पिछले एक महीने से ये बैंड्स और एकल कलाकार अपने संगीत से एक साथ हजारों श्रोताओं का दिल जीत रहे हैं और इस संस्करण में शुरू किए गए नए सेगमेंट, 'ऑन-द-स्पॉट अंताक्षरी' में भी श्रोता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपनी शुक्रवार की शामों को यादगार बना रहे हैं। अब इसी के साथ यात्री इस चित्रकला प्रदर्शनी का भी आनंद ले पाएँगे।

# साहिबाबाद में नगर निगम चला रहा नाला सफाई का कार्य

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद स्थित नमो भारत स्टेशन के पास सड़क को तोड़कर शनिवार को नाले की सफाई की शुरूआत की गई। बीते दिन हुई बारिश के बाद जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता रहा था।

नाला जाम होने से जल निकासी नहीं हो पा रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर निगम ने शनिवार को नाले की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। जल निकासी व्यवस्था को सुधारने के लिए तीन जेसीबी मशीन और 12 कर्मचारियों की मदद से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही नाले में जाल लगाया गया है ताकि कचरा और प्लास्टिक जमा होकर नाले को जाम न कर सके। स्थानीय लोगों ने बताया की नाला जाम होने के कारण साहिबाबाद गांव में भी पानी भरने लगा था। निगम के इस कदम से जलभराव की समस्या में काफी हद तक सुधार आएगा और आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

उधर इंदिरापुरम काला पत्थर रोड पर नगर निगम दो दिन से नाला सफाई का कार्य कर रहा है। सफाई इस्पेक्टर अशोक कुमार का कहना है कि नाला सफाई के दौरान सीवर के मैन हॉल आ रहे हैं जिस कारण नाले की सफाई में परेशानी हो रही है। वही विद्युत विभाग के केबल भी नाले में डाले हुए हैं।

## प्रेमिका की हत्या के आरोपी से पुलिस मुठभेड़

# चौगानपुर में पकड़ा गया आरोपी, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल

**गौतम बुद्ध नगर करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के अंतर्गत 4 जुलाई को एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के निर्माण विहार कॉलोनी में 37 वर्षीय शबनम की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतका के पुत्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर दो टीमें गठित कीं। चौगानपुर गोलचक्कर के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोका गया। आरोपी ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया।

घायल आरोपी की पहचान मुकीम (38) के रूप में हुई, जो दादरी का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि वह शबनम के साथ रिश्ते में था। उसकी पत्नी और बच्चों के विरोध के बाद वह इस रिश्ते से पीछा छुड़ाना चाहता था। इसलिए उसने शबनम को अपने किराए के कमरे में ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू, एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस .315 बोर और पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 4 तारीख को एक महिला की हत्या की सूचना मिली थी, उसके बाद इस मामले में मृतका के पुत्र की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ और टीमों का गठन करके आरोपी की तलाश की गई। पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें उसे घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया है।

# कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

### क्षेत्र में पार्टी के दायरे को और अधिक बढाने पर दिया जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी के सेंट्रल मार्केट पुराना बस अड्डा स्थित कार्यालय में जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता मे कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन विस्तार और गतिविधियों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने विधि के क्षेत्र में पार्टी के दायरे को और अधिक बढाने पर जोर दिया। उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार ने कहा कि गाजियाबाद न्यायालय में जनसंपर्क कर पार्टी की नीतियों की जानकारी दी जाएगी।

इस मौके पर सुरेंद्र शर्मा, सविता गौतम, रियाज सैफी, मनोज राय, चंद्रपाल एडवोकेट, राजेंद्र शर्मा, राजाराम भारती, सुरेंद्र शर्मा, महेंद्र गौतम, सूर्यकांत, राजीव शर्मा, बाबूराम आर्य सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कस्बा लोनी के जलभराव की समस्या का है मैटर

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लिखा था समाधान के लिए जिलाधिकारी को लैटर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हाल ही में मुख्यमंत्री गाजियाबाद आये थे तो लोनी विधायक नन्द किशोर ने लोनी में जलभराव का मामला उठाया था। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दिशा की बैठक में इस विषय को प्रमुखता से रख चुके हैं और वो चाहते हैं कि लोनी की जनता को जलभराव से राहत मिले। प्रयास रंग ला रहे हैं और अब जिलाधिकारी ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को पत्र लिखा और 3 मई को उनके द्वारा लिखे गये पत्र का हवाला दिया और बताया कि आपके पत्र के क्रम मे एडीएम वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में अधिशासी अभियन्ता, ग्राम विकास अभिकरण, अधिशासी अभियन्ता, गंगाजल परियोजना को सदस्य के रूप में नामित करते हुए समिति गठित की गई। गठित समिति ने 02 जुलाई को अपनी आख्या भेज दी है। इस आख्या में बताया गया है कि दिल्ली से सहारनपुर जाने वाला यह मार्ग पूर्व में राजमार्ग संख्या 57 के रूप में था। भारत सरकार के गजट संख्या 3032 दिनांक 22 जून 2018 के द्वारा अधिसूचित होकर यह राष्ट्रीय राजमार्ग 709बी घोषित हुआ है। कस्बा लोनी की आबादी में इस मार्ग की लंबाई 7.55 किलोमीटर तथा चौड़ाई 4 लेन में 18 मीटर है। मार्ग के दोनों तरफ नालों का प्रावधान है। राष्ट्रीय रामार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्माण के उपरान्त इस मार्ग को 2 मार्च 2022 को निर्माण खंड-2 लोक निर्माण विभाग, गाजियाबाद को नाला सहित हस्तान्तरित किया गया है। अब इस मार्ग का स्वामित्व निर्माण खंड 2, लोक निर्माण विभाग, गाजियाबाद के अन्तर्गत निहित है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इस मार्ग पर वन टाईम इम्प्रूवमेंट एंड मेंटीनेंस के अन्तर्गत मै0 एमवाईसी इन्फ्रा प्रा लि नामक फर्म को 20 मार्च 2020 को अनुबंधित किया गया था। कार्य के आगणन में मार्ग की मरम्मत के साथ मार्ग के दोनों तरफ स्लैब सहित नाला निर्माण का भी प्रावधान था। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्माण खंड 2, लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण करते समय नालों को अपूर्ण दिया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा हस्तान्तरण प्रक्रिया में इसका संज्ञान नहीं लिया गया है और ना ही निर्माण में सड़क और नालों के संरेखण का ही ध्यान दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 4.91 करोड़ की धनराशि 23 मार्च 2023 को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्था मै एमवाईसी इन्फ्रा प्रा लि के मध्य त्रिपक्षीय समझौता के अधीन दोष दायित्व अवधि के लिए मार्ग मरम्मत के लिए आवंटित की गई थी और अनुबन्ध के अनुसार दोष दायित्व की अवधि भी समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में मार्ग के सुदृढीकरण का कार्य 32.73 करोड की कार्य योजना में लोक निर्माण विभाग द्वारा सम्मिलित किया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद लोनी व दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के समन्वय से विलुप्त नालों के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है।

## ऑन डिमांड शराब सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने कांवड़ यात्रा के दौरान चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को पकड़ा है। मुखबिर की सूचना पर ताहिरपुर कट, वजीराबाद रोड से यशपाल उर्फ संजय को गिरफ्तार किया गया। आरोपी दिल्ली के हर्षविहार का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी से 28 पेटी हरियाणा मार्का देशी शराब और एक कार बरामद की है। पूछताछ में यशपाल ने बताया कि वह सोनीपत से सस्ती दरों पर शराब खरीदता था। इसे दिल्ली और गाजियाबाद में ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाता था। 41 वर्षीय आरोपी के खिलाफ पहले भी आबकारी अधिनियम का एक मामला दर्ज है। पुलिस उसके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

# भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा ने मकनपुर बालिका विद्यालय में दिए पंखे और थर्मस

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के मकनपुर बालिका विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय में भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा इंदिरापुरम द्वारा शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि व युवा दिवस के अवसर पर सेवा कार्यक्रम कराया। हेमंत वाजपेयी ने बताया कि परिषद ने सेवा पखवाड़ा के तहत बच्चों के लिए 15 पंखे और पानी के 16 थर्मस दिए। इन्हें अलग-अलग स्कूलों में भेजा जाएगा ताकि गर्मी में बच्चों को परेशानी न हो। इस दौरान परिषद के सदस्यों ने विद्यालय के शौचालयों की मरम्मत में सहयोग का संकल्प भी लिया। आलोक गुप्ता, अजेय वालिया, विनोद त्यागी, प्राण मल्होत्रा, प्रमोद शुक्ला, विनीता वाजपेयी, रिचा वालिया आदि लोग मौजूद रहे।

## पौधारोपण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ग्राम खेड़ा में शनिवार को जय सती माता मंदिर में पूर्व जिला अध्यक्ष गाजियाबाद महेश अग्रवाल द्वारा भंडारे के आयोजन में जय सती माता के दर्शन कर पौधरोपण किया। इस अवसर पर विश्व प्रकाश शर्मा, हापुड़ जिला मंत्री ललित मोदी, विक्रांत शर्मा, पिलखुवा नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, महामंत्री अमित टांक,अखिलेश मित्तल,सचिन पुंडीर, कमल कंसल, विपुल अग्रवाल एवं सभी सम्मानित भक्त गण उपस्थित रहे।

# जल्द लाइन में होगी दंगा नियंत्रण ड्रिल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां और बैठकों का दौर चल रहा है। कभी मीटिंग हो रही है तो कभी खुद पुलिस, प्रशासन और अन्य विभागों के प्रमुख कांवड़ यात्रा वाली रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। वहीं लगातार बराबर वाले प्रदेश और कमिश्नरेट के साथ ही जिलों के प्रमुख अधिकारियों के साथ जहां मीटिंग की गई है। तो वही लगता पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के पुलिस कर्मियों को कांवड़ यात्रा को लेकर दिशा- निर्देश दे रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि आने वाले दिनों में जल्द ही पुलिस लाइन गाजियाबाद के मैदान में दंगा नियंत्रण ड्रिल आयोजित की जाएगी। सूत्र बता रहे हैं कि इसका मकसद आगामी कांवड़ यात्रा और त्यौहारी सीजन है। वहीं बताया जा रहा है इस ड्रिल में जहां पुलिसकर्मियों को अलग-अलग टीमें बनाकर एक साथ प्रदर्शन करने के निर्देश दिए जाएंगे। तो वही उनको दंगा एवं आपात स्थिति में किस प्रकार से हवाई गोलियां चलानी हैं। आंसू गैस का प्रयोग करना है और किस तरीके से बॉडी प्रोटेक्टर का इस्तेमाल करते हुए अपना बचाव करना है, जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी। तो वही पुलिस पार्टी के घिरे होने पर किस तरीके से रणनीति बनाते हुए अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा अपने साथियों को बचाना है, यह भी बताया जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस ड्रिल को जल्द ही आयोजित किया जाएगा। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के आईपीएस स्तर के अधिकारियों से लेकर लाइन वाले प्रमुख अधिकारी और रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात पुलिस कर्मियों को भी दंगा नियंत्रण की ड्रिल में शामिल किया जाएगा। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि इस बार बड़ी संख्या में 23 बैच और नए उप निरीक्षकों को कांवड़ ड्यूटी के दौरान इस्तेमाल किया जाना है। जिसके लिए उनको मानसिक रूप से मजबूती देने का काम भी उच्च अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि उनको भी कांवड़ यात्रा के दौरान किस तरीके से संयम रखना है, किस तरीके से शिव भक्तों के साथ व्यवहार किया जाता है और किस तरीके से आपात स्थिति में पुलिस को बिना किसी वाद-विवाद और संघर्ष के घटनाक्रम को समाप्त करना है इसकी भी ट्रेनिंग दी जाएगी। इस दौरान देखना होगा कि इस ट्रेनिंग व ड्रिल का फील्ड पर क्या रिजल्ट आएगा।

## वार्ड 97 में जल्द खत्म होगी बिजली की समस्या : पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल

# बिजली के 50 नए खंभे और अंडरग्राउंड लाइन डाली जा रही है

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 97 रामप्रस्था के अंतर्गत आने वाली कई कालोनियों में अब बिजली की समस्या से छुटकारा मिलेगा। कालोनियों में बिजली के अधिक लोड, बार-बार फ्यूज उड़ने व लॉ वोल्टेज की समस्या भी अब खत्म हो जाएगी। पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने बताया कि बिजली निगम ने उनकी मांग पर वार्ड में 50 से अधिक नए खंबे लगाए हैं। इनसे कालोनियों के लोगों को फायदा होगा और उन्हें बिजली की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। पार्षद अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करते हैं और बिजली के खंभे लगवाना भी उनके कार्यों में शामिल है।

पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल अपने चुने हुए वार्ड 97 के विकास कार्यों को अंजाम देते हैं। स्थानीय निकायों में पार्षद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए काम करते हैं। बिजली के खंभे लगवाना, सड़कों पर रोशनी की व्यवस्था करना और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करना, पार्षद के कार्यों में शामिल है।

पार्षद नगर निगम के तहत सभी कार्यों में शहर के मेयर की सहायता करते हैं और उनके आदेशों का पालन करते हैं। इसलिए, यदि किसी पार्षद ने बिजली के खंभे लगवाए हैं, तो यह उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों का हिस्सा है। पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने बताया 1 वर्ष पहले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर वार्ड में जर्जर खंबों को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की गई थी, उसी के चलते अब वार्ड के जर्जर खम्भे को बदलने का काम किया जा रहा है। वहीं बिजली की अंडरग्राउंड लाइन भी डाली जा रही है अब वार्ड में बिजली की कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा चंद्र नगर में बिजली की समस्या को लेकर चंद्र नगर के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ताजी, मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश सोमान अवधेश मिश्रा, अनिल जैन सतीश, आशीष जैन सुबह घर पर आये। चंद्र नगर में ज्यादा पावर कट पर चर्चा हुई। क्षेत्र में बिजली समस्याओं के बारे में मैंने बताया। हमारे वार्ड में जो खंबे लोहे के थे बिल्कुल जर्जर होकर टूटने की स्थिति में थे उनके विषय में बताया रिलायंस मॉल से लेकर बेल कॉलोनी के साथ में बड़े सफेदे के पेड़ तारों पर गिरने से तारे टूट जाती थी खंबे टूट जाते थे उसके विषय में बताया। उसे दौरान अंडरग्राउंड लाइन का और खंबे चेंज करने का एस्टीमेट बनाकर चला गया था, अब स्वीकृत होकर आ गया है।

खंबे चेंज हो रहे हैं चंद्रनगर के तकरीबन हो गए हैं रामप्रस्थ में शुरू करेंगे। अंडरग्राउंड लाइन का काम पूरा कर लिया गया है। लाइन को शिफ्ट कर दिया है। इसी कारण यह परेशानी बनी हुई है। इसको लेकर आरडब्ल्यूए ने पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल का स्वागत और धन्यवाद किया। पार्षद ने इस अच्छी पहल के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह गाजियाबाद की सियासत का शिष्टाचार भी है और यहां आपस में यह प्यार भी है। सियासत वाले यहां भले ही अलग-अलग दल से हो लेकिन वह आपस में मिलते दिल से हैं। भाजपा नेता अतुल त्यागी के आवास पर जब सपा नेता संतोष यादव मिलने पहुंचे तो यह एक दोस्ती का एहसास था। भाजपा नेता अतुल त्यागी ने इस पल को फेसबुक पोस्ट के जरिए साझा किया। अतुल त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# टेक्सास में भारी बारिश से ग्वाडालूप नदी में बाढ़

## 24 की मौत, 20 से अधिक बच्चे लापता

**वॉशिंगटन ।** टेक्सास में भारी बारिश के कारण अचानक नदी में आई बाढ़ से 24 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, समर कैंप में भाग लेने वाली 20 से अधिक लड़कियां लापता हो गईं। तेज बहाव वाली नदी ने आसपास के इलाकों जैसे- जंगलों, कैंपग्राउंड और बस्ती वाले इलाकों को खतरे में डाल दिया है। शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को राहत और बचाव टीमों ने नावों और हेलीकॉप्टर की मदद से लोगों को बचाने के लिए अभियान चलाया।

लेफ्टिनेंट गवर्नर डैन पैट्रिक के अनुसार, पीड़ितों की तलाश में अब तक 15 से 20 शव बरामद किए जा चुके हैं। पैट्रिक ने कहा, 'कुछ वयस्क और कुछ बच्चे हैं। हम नहीं जानते हैं कि वे शव कहां से आए।' उन्होंने टेक्सास के लोगों से अपील की कि वह घुटनों के बल बैठकर प्रार्थना करें कि हम इन छोटी लड़कियों को ढूंढ़ लें। वहीं, केर काउंटी शेरिफ लैरी लीथा ने बताया कि बाढ़ से 24 लोगों की मौत हुई है।

केर काउंटी में रातभर में लगभग 10 इंच बारिश हुई मध्य टेक्सास के केर काउंटी में रातभर में लगभग 10 इंच (25 सेंटीमीटर) बारिश हुई, जिससे ग्वाडालूप नदी में बाढ़ आ गई। केर काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कुछ लोगों की मौत की पुष्टि की है, लेकिन ज्यादा जानकारी नहीं दी।

मौसम विभाग ने सात इंच पानी भरने की दी थी चेतावनी बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को मौसम विभाग ने चेतावनी दी थी कि कुछ इलाकों में सात इंच तक पानी भर सकता है। इसके बाद रातभर में कम से कम 30,000 लोगों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की गई। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा कि राज्य बाढ़ से निपटने वाले कंट्री समुदायों को संसाधन उपलब्ध करा रहा है, जिसमें केरविल, इनग्राम और हंट शामिल हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह राज्य और स्थानीय अधिकारियों की सलाह का पालन करें और बाढ़ वाले क्षेत्रों में गाड़ी चलाने से बचें।

नेशनल वेदर सर्विस के ऑस्टिन/सैन एंटोनियो कार्यालय के मौसम विज्ञानी बॉब फोगार्टी ने बताया कि हंट इलाके में ग्वाडालूप नदी अचानक करीब 22 फीट (6.7 मीटर) बढ़ गई। बाद में जब गेज ने 29.5 फीट (9 मीटर) तक का स्तर दिखाया, तो वह खराब हो गया। इसका मतलब है कि नदी और भी ऊपर तक बढ़ चुकी है।

फोगार्टी ने कहा, 'हमें लगता है कि नदी इससे अधिक ऊंची है। गेज पूरी तरह से पानी के नीचे है।'

पूरे क्षेत्र में काम कर रहे बचाव दल, मदद के लिए और नावें भेजी जा रहीं नदी के आसपास बसे समुदायों में कई शिविर, वन्यजीव आवास और कैंपग्राउंड शामिल हैं। टेक्सास गेम वार्डन, जो वन्यजीव और पार्क विभाग का हिस्सा है ने बताया कि बचाव दल पूरे क्षेत्र में काम कर रहे हैं और मदद के लिए और नावें भेजी जा रही हैं। फोगार्टी ने कहा, 'यह बाढ़ इतनी तेजी से आती है कि जब तक आपको इसका पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

# सीमा के एक-तिहाई हिस्से को सैन्य निगरानी में लाया अमेरिका, अवैध प्रवेश रोकने के लिए विस्तार को लेकर विवाद

**कोलबंस ।** अमेरिकी सेना ने न्यू मेक्सिको के रेगिस्तान में अंग्रेजी और स्पेनिश भाषा में नारंगी रंग के नो-एंट्री संकेत लगा दिए हैं। उसने न्यू मैक्सिको और पश्चिमी टेक्सास में हजारों चेतावनियां लगाई हैं, जिसमें क्षेत्र को कमांडर के अधिकार द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है और सीमा के एक-तिहाई लंबे हिस्से को सेना की निगरानी में ला दिया है।

यह एक बड़े बदलाव का हिस्सा है। इससे देश में अवैध प्रवेश करने वालों को हिरासत में लेने की आशंका के बीच विवाद बढ़ गया है। ट्रंप प्रशासन का प्रयास है कि अमेरिकी सैनिकों को देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार मिल जाए। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पदभार ग्रहण करने के पहले दिन घोषित सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल अधिकार के तहत उठाया गया है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सीमा प्रवर्तन में अंतराल को बंद करने और मानव तस्करी नेटवर्क तथा क्रूर ड्रग कार्टेल के खिलाफ व्यापक लड़ाई छेड़ने के लिए इन क्षेत्रों की आवश्यकता है।

### सैन्यीकरण को अदालत में दी जा रही चुनौती

सैन्यीकरण को अदालत में चुनौती दी जा रही है, तथा नागरिक अधिकार अधिवक्ताओं, मानवीय सहायता समूहों और आउटडोर उत्साही लोगों द्वारा इसकी आलोचना की गई है। इसके तहत सैनिकों को खुली छूट देते हुए सार्वजनिक भूमि के प्रवेश पर रोक लगाने को लेकर आपत्ति जताई गई है।

लापता प्रवासियों के लिए खोज और बचाव समूह की नेता एबी कारपेंटर ने कहा कि रेगिस्तान के उन हिस्सों में लोगों की पहुंच को रोका जा रहा है जहां प्रवासियों की मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। हो सकता है कि और भी मौतें हुई हों, लेकिन हमें नहीं पता। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, दो सैन्यीकृत क्षेत्र 230 मील की सीमा पर एक बफर बनाते हैं, जो टेक्सास के फोर्ट हैनकॉक से लेकर एल पासो और पश्चिम की ओर विशाल न्यू मेक्सिको खेत-खलिहानों तक फैला हुआ है। यहां 7,600 सैनिक गश्त करते हैं।

# नाटो की अस्पष्टता व मदद में देरी से खिसक रही यूक्रेन की जमीन, युद्ध रोकने के पक्ष में नहीं पुतिन

**वॉशिंगटन ।** रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के तौर पर देखी जा रही व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच की ताजा बातचीत भी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। अमेरिकी मदद के बावजूद पश्चिम की रणनीतिक अस्पष्टता व नाटो से मदद मिलने में देरी के चलते आक्रामक रूसी अभियान के सामने यूक्रेन की जमीन धीरे-धीरे खिसक रही है।

विश्लेषकों का मानना है कि जमीन पर मिल रही रूसी बढ़त को देखते हुए पुतिन अब किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। सामरिक मामलों के विश्लेषक लुका डेविस के अनुसार नाटो द्वारा भेजे गए हथियार अक्सर देरी से पहुंचते हैं और कई बार वे जमीनी जरूरतों से मेल नहीं खाते। दूसरी ओर रूस के पास लंबी दूरी की मिसाइलें, घातक ड्रोन और पर्याप्त मानव संसाधन की निरंतर आपूर्ति है। नाटो की रणनीति अभी भी प्रतिक्रियात्मक है, जबकि रूस पूर्व योजना और गहराई तक आक्रामक अभियान चला रहा है।

### पश्चिमी समर्थन में है रणनीतिक अस्पष्टता

ऑक्सफोर्ड विवि की रक्षा विश्लेषक डॉ. कैथरीन माइकल्स कहती हैं कि पश्चिमी समर्थन में रणनीतिक अस्पष्टता बड़ी समस्या है। जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका जैसे प्रमुख देशों की घरेलू राजनीति यूक्रेन के समर्थन को बाधित कर रही है। हाल ही में यूक्रेन ने रूस के अंदर स्थित कई प्रमुख हवाई ठिकानों पर ड्रोन हमले किए हैं, जिनसे रूस के सैन्य ढांचे को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इसका उल्लेख करते हुए पुतिन ने ट्रंप से कहा कि अब रूस युद्ध को निर्णायक स्थिति की ओर ले जाएगा।

### पुतिन युद्ध रोकने के पक्ष में नहीं

सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक और इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) वाशिंगटन की रिपोर्ट कहती है कि रूसी राष्ट्रपति फिलहाल युद्ध को रोके जाने के पक्ष में नहीं दिखते। रूसी सेना ने डोनेट्स्क, लुहांस्क और जापोरिझिया समेत कई इलाकों में सैन्य बढ़त बना रखी है।

# भारत और मालदीव के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उच्च स्तरीय बैठक, सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा

**माले ।** भारत और मालदीव ने आर्थिक सहयोग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बैठक की और नए तरीकों पर चर्चा की। यह बैठक शुक्रवार को भारत के वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल और मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद के बीच हुई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।

यह बैठक मालदीव के आर्थिक मंत्रालय में आयोजित की गई थी। इसमें दोनों देशों के बीच मौजूदा व्यापार संबंधों को मजबूत करने और नए क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को तलाशने पर जोर दिया गया। बैठक के बाद मंत्री मोहम्मद सईद ने एक्स पर लिखा, भारत के वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल के साथ आज एक उपयोगी बैठक हुई। हमने व्यापार और निवेश साझेदारी को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की।

भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बड़थ्वाल और सईद के बीच 'रचनात्मक बातचीत' हुई, जिसका मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाना और आर्थिक सहयोग के नए रास्ते तलाशना था। मालदीव की सरकारी मीडिया पीएसएम न्यूज के मुताबिक, भारत में हाल ही में तीन शहरों में व्यापार मंच (बिजनेस फोरम) आयोजित किए गए, ताकि मालदीव में निवेश के अवसरों को बढ़ावा दिया जा सके।

मीडिया रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत, मालदीव का एक प्रमुख विकास साझेदार बना हुआ है। भारत ने मालदीव में कई बुनियादी ढांचा और क्षमता-विकास परियोजनाओं में योगदान दिया है। इसके साथ ही भारत ने मालदीव की अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए 25.94 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मुद्रा अदला-बदली (करंसी स्वैप) की सुविधा भी दी है।

इससे पहले, 26 मई को मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील और उनके उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा की थी, जिस दौरान व्यापार और सामरिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई थी। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अक्तूबर 2024 में दिल्ली का दौरा किया था। इस दौरान व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी समझौता किया गया था। यह बैठक इसी समझौते के हिस्से के तहत की गई।

# अर्जेंटीना में पीएम मोदी के दौरे से लोग उत्साहित, भारतीय बोले- हमारा हौसला बढ़ाया

**ब्यूनर्स आयर्स ।** अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में इन दिनों खास माहौल देखने को मिल रहा है। यहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर जबरदस्त उत्साह है। दक्षिण अमेरिका के इस बड़े देश में पीएम मोदी की यात्रा का लोगों को बेसब्री से इंतजार था। भारतीय समुदाय के लोग मानते हैं कि यह दौरा भारत-अर्जेंटीना रिश्तों में नई ऊर्जा भरने का काम करेगा।

अर्जेंटीना में रह रहे भारतीय मूल के लोग इस बात से काफी खुश हैं कि उनके देश के प्रधानमंत्री उनसे मिलने आ रहे हैं। भारतीय समुदाय के सदस्य सौरभ लूथरा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस समय जोश बहुत हाई

सुरूचि छाबड़ा ने कहा कि मैं अर्जेंटीना में रहती हूं। मैं भारतीय-अमेरिकी हूं। हमें बहुत गर्व है कि पीएम मोदी यहां आ रहे हैं। यह बहुत रोमांचक पल है। पूरी भारतीय समुदाय की तरफ से हम आभार व्यक्त करते हैं। पीएम मोदी एक ऐसे विश्व नेता हैं जिन्होंने भारतीयों का हौसला बढ़ाया है। उन्होंने हमेशा हमारे लिए खड़े होकर हमारा सम्मान बढ़ाया है। हम उनके अब तक के काम से खुश हैं और आगे भी उनसे बहुत उम्मीदें हैं।

भारतीय समुदाय के एक अन्य सदस्य ने बताया कि वह झारखंड से हैं और पिछले 30 वर्श से अर्जेंटीना में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹हम बहुत खुश हैं कि हमारे देश का कोई नेता यहां आ रहा है। खास बात यह है कि पीएम मोदी दूसरी बार अर्जेंटीना आ रहे हैं। इससे यह साफ होता है कि दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं।₹ पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के तीसरे चरण में अर्जेंटीना पहुंचेंगे। इससे पहले वह त्रिनिदाद एंड टोबैगो का दौरा कर चुके हैं।

भारतीय नृत्य से होगा पीएम का स्वागत पीएम मोदी के स्वागत के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। अर्जेंटीना में रहने वाले कलाकार भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इनमें से कई कलाकार भारतीय मूल के हैं। आनंदिनी दासी नाम की एक कलाकार ने कहा कि पीएम मोदी का स्वागत करना हमारे लिए बहुत बड़ा सम्मान है।

# 7 साल बाद भारतीय प्रधानमंत्री की ब्राजील की राजकीय यात्रा, आतंकवाद रोधी समझौते की उम्मीद

**ब्रासीलिया ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्राजील यात्रा को लेकर भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने शनिवार को कहा कि इस दौरे के दौरान भारत और ब्राजील के बीच द्विपक्षीय आतंकवाद रोधी समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भाटिया ने कहा कि दोनों देश एक दूसरे के बेहद करीबी हैं। भारत ने 1948 में लैटिन अमेरिका में अपना पहला दूतावास ब्राजील में ही खोला था। तबसे हमारे संबंध काफी मजबूत हुए हैं।

### पीएम मोदी की चौथी ब्राजील यात्रा

उन्होंने बताया कि 2006 में हमने इन संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया और तबसे यह लगातार मजबूत होते गए हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की चौथी ब्राजील यात्रा है। इससे पहले वह तीन बार आ चुके हैं। लेकिन यह पहली बार है, जब वह एक राजकीय यात्रा पर आ रहे हैं।

दो दिन रियो डी जेनेरियो में रहेंगे पीएम मोदी उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जुलाई को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचेंगे और वहां दो दिन रहेंगे। इसके बाद वह राजकीय यात्रा के लिए ब्रासीलिया जाएंगे। यह राजकीय यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह 57 वर्षों बाद पहली राजकीय यात्रा है।

**ब्राजील कर रहा ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी :** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर उन्होंने कहा, इस वर्ष ब्राजील ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। यह पहली बार है, जब नए साझेदार देश इसमें भाग ले रहे हैं। ब्रिक्स के मुख्य एजेंडे में वैश्विक शासन और वित्तीय संस्थाओं में सुधार की बात हमेशा रही है और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। इसके अलावा ब्राजील ने कई अन्य मुद्दों को भी चर्चा में शामिल किया है, जिन्हें संयुक्त घोषणा पत्र में जगह मिलेगी।

# गाजा में खत्म होगा भीषण संघर्ष, हमास बोला हम बातचीत शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार

**गाजा ।** हमास ने अपने बयान में कहा, 'हमने मध्यस्थों को सकारात्मक जवाब दिया है और इस ढांचे को लागू करने के तरीके पर बातचीत शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।' इससे पहले इस्राइल पहले ही इस अमेरिकी प्रस्ताव को मंजूरी दे चुका था। अब जब दोनों पक्ष सहमत दिख रहे हैं, तो उम्मीद है कि आने वाले हफ्ते में युद्ध विराम लागू हो जाएगा।

ट्रंप ने जताई उम्मीद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मुद्दे पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा, 'हमें यह युद्ध अब खत्म करना होगा। मैं आशा करता हूं कि अगले हफ्ते संघर्षविराम पर समझौता हो जाएगा।' उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, 'मध्य पूर्व की भलाई के लिए हमास को यह प्रस्ताव स्वीकार कर लेना चाहिए, क्योंकि इससे बेहतर प्रस्ताव नहीं आएगा झ बल्कि हालात और भी बदतर हो सकते हैं।'

### इस्राइल में विरोध, लेकिन समर्थन भी

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शनिवार रात कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे और रविवार को अमेरिका रवाना होंगे, जहां वे सोमवार को व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिलेंगे। हालांकि नेतन्याहू की सरकार के कुछ दक्षिणपंथी मंत्री इस समझौते का विरोध कर रहे हैं और इसे रोकने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन देश के कई प्रमुख राजनीतिक दलों ने साफ कर दिया है कि वे शांति समझौते का समर्थन करेंगे।

हमास के 'संशोधन' पर क्या कहा गया हमास ने प्रस्ताव में कुछ बीते महीने ईरान और इस्राइल के बीच 12 दिन तक चले तनावपूर्ण संघर्ष के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीतिक प्रयास तेज हुए। कतर और मिस्र जैसे देश इसमें मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। अब इस प्रस्ताव में अमेरिका की तरफ से यह गारंटी भी दी गई है कि इस्राइल पूरे 60 दिन की बातचीत के दौरान वार्ता में शामिल रहेगा और स्थायी शांति के लिए रास्ता खोजा जाएगा। साथ ही, प्रस्ताव के मुताबिक इस्राइल को अब गाजा में मानवीय सहायता पारंपरिक चैनलों से पहुंचानी होगी, न कि उस विवादास्पद गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन के जरिए।

**गाजा में चल रहे भीषण युद्ध को खत्म करने की दिशा में हमास ने शुक्रवार को अमेरिका समर्थित 60 दिन के संघर्षविराम प्रस्ताव को लेकर एक सकारात्मक जवाब दिया है। इसके बाद अब माना जा रहा है कि इस्राइल और हमास के बीच आखिरी दौर की बातचीत जल्द शुरू होगी और एक औपचारिक युद्धविराम समझौता हो सकता है**

# डीएम दीपक मीणा ने किया कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण

## कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा कांवड़ मार्ग (पाइप लाइन मार्ग मुरादनगर) का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा मार्ग में यदि सड़क क्षतिग्रस्त तो उसे तुरन्त सही करवाया जाएं, कांवड़ यात्रा मार्ग में कहीं भी गंदगी नहीं ना हो, यह सुनिश्चित किया जाए। सड़क के किनारे झाड, फूंस, गूलर, भांग आदि के पौधे हैं ना हो, मीट/मांस/मदिरा आदि की दुकानों के संचालकों को समयान्तराल में जारी दिशा–निर्देशों से अवगत कराया जाए।

अस्थाई कांवड़ शिविरों में समुचित व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएं साथ ही उन्हें प्लास्टिक मुक्त कांवड़ यात्रा सम्पन्न कराने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जाए, साथ ही वहां लगे अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की जाएं। विद्युत के खम्भों को इंसुलेटिड शीट से कवर शीघ्र कवर किया जाएं। कांवड़ मार्ग पर कहीं भी जल भराव की स्थिति ना बने, इस बात का ध्यान रखा जाएं। कांवड़ यात्रियों से सम्बंधित अन्य सभी सुविधा एवं सुरक्षा के विशेष बिन्दु पर ध्यान दिया जाएं।

### प्लास्टिक मुक्त कांवड़ यात्रा के लिए जिलाधिकारी ने किया आह्वान

करंट क्राइम। जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण के दौरान कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों के संचालकों से वार्ता करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं का उपयोग ना किया जाएं साथ ही यात्रियों के भोज्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो, भोज्य पदार्थों को ढककर एवं सावधानी के साथ पकायें। अपने आप—पास सफाई व स्वच्छता बनाये रखे। दुकानों पर दुकान का लाईसेंस और रेट लिस्ट अवश्य चस्पा करें। आप लोग अपने क्षेत्र में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित अन्य का नम्बर अवश्य सुरक्षित कर लें जिससे कि कोई समस्या होने पर उसका त्वरित ही समाधान किया जा सके। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

# सुधारने के लिए पिंक बूथों की वर्किंग

# एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना ने ली बैठक

### - महिलाओं को मिले न्याय, दिए गए निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला अपराध के मामलों में तुरंत कार्रवाई और पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके, इसको लेकर लगातार पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर अधीनस्थ अधिकारी इसका अनुपालन कर रहे हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को एडिशनल सीपी मुख्यालय आईपीएस अधिकारी कल्पना सक्सेना द्वारा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिला संबंधी अपराध में आपसी कलह आदि रोकथाम के साथ ही समाज में महिला सशक्तिकरण और उनके सम्मान-सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में महिला थाना परिवार परामर्श केंद्र, सभी पिंक बूथ प्रभारी की मीटिंग परमजीत हॉल पुलिस लाइन में ली गई। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना द्वारा महिला पिंक बूथ प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उनके द्वारा कहा गया है कि पिंक बूथ पर आने वाली सभी शिकायतों पर तत्काल एक्शन लिया जाए। किसी भी मामले में ढिलाई ना बरती जाए और महिलाओं के साथ बेहतर व्यवहार किया जाए।

### पिंक बूथ पर महिलाओं को न लगाने पड़ें चक्कर

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना ने इस दौरान पिंक बूथ प्रभारियों को निर्देशित किया है कि यहां आने वाली पीड़ित महिलाओं को लगातार चक्कर न लगाने पड़े। साथ ही उनके साथ सुनवाई में भी मर्यादित भाषा का इस्तेमाल हो, किसी भी महिला की शिकायत एवं मामले को सार्वजनिक ना किया जाए। उनकी गोपनीयता और पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखा जाए।

### महिलाओं के मामलों में दोनों पक्षों की सुनी जाए बात

करंट क्राइम : महिला उप निरीक्षकों और विवेचकों को इस बात का भी दिशा निर्देश दिया गया है कि महिलाओं के मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई की जाए। एक पक्ष को सुनकर की पिंक बूथ प्रभारी फैसला ना लें। इस दौरान एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एसीपी महिला अपराध सनोली अग्रवाल, महिला थाना प्रभारी और परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी को भी इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा महोत्सव में स्वच्छता और सुरक्षा का रखा जाएगा एक साथ ध्यान : नगर आयुक्त



## नगर आयुक्त ने निगम और पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर पुलिस तथा निगम अधिकारियों की बैठक हुई जिसमें कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने की कार्य योजना बनाई गई सभी अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा महोत्सव के दौरान किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की, कांवड़ यात्रा को और अधिक सरल बनाने के लिए अपने सुझाव भी रखे। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम तथा गाजियाबाद पुलिस संयुक्त रूप से कांवड़ यात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्था करेगी जिसके लिए सभी अधिकारियों ने बैठक की है। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा तथा सुरक्षा के लिए भी इंतजाम बेहतर किए जाएंगे अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार निगम द्वारा कावड़ यात्रा के नोडल रहेंगे, नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि 285 सफाई मित्र कावड़ शिवरों में तथा रूट पर सफाई व्यवस्था तीन शिफ्ट में देखेंगे लगभग 140 डस्टबिन भी लगाए जाएंगे इसी के साथ 55 डोर टू डोर कूडा कलेक्शन वहां अतिरिक्त लगाए गए हैं, 45 मोबाइल टॉयलेट भी कावड़ रूट पर रहेंगे जिनकी नियमित सफाई भी हाई प्रेशर मशीन के द्वारा की जाती रहेगी।

### कांवड़ रूट पर 15 अस्थाई प्याऊ, 25 गंगाजल टैंकरों की व्यवस्था करेगा जलकल विभाग

**करंट क्राइम।** जलकल विभाग द्वारा कांवड़ रूट पर तथा शिवालियों पर गंगाजल के टैंकर लगाए जाएंगे लगभग 25 टैंकर कांवड़ महोत्सव के दौरान उपयोग में लिए जाएंगे। इसी के साथ-साथ कांवड़ रूट पर अस्थाई पेयजल के प्याऊ भी लगेंगे जिन पर टीम भी रहेगी, जल भराव की स्थिति में पंपसेट भी हॉटस्पॉट पर बने रहेंगे निर्देश दिए गए हैं, लगभग 4426 अतिरिक्त लाइट दुहाई मेरठ रोड साइ उपवन तथा आयोजित शिवरों के आसपास रहेगी, 21 जनरेटर की व्यवस्था भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई है कावड़ रूट पर सुरक्षा की दृष्टि से लाइट खंबो पर फ्लेक्स भी लगाई गई है, निर्माण विभाग द्वारा कंट्रोल रूम तैयार कर दिया गया है तथा बैरिकेटिंग की तैयारी प्रारंभ की जा रही है।

### बैरिकेडिंग की व्यवस्था से श्रद्धालुओं की यात्रा को बनाया जाएगा सरल : एसीपी रितेश त्रिपाठी

करंट क्राइम। पुलिस विभाग से उपस्थित अधिकारियों द्वारा भी बताया गया की कांवड़ यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाने के लिए कंट्रोल रूम पर पुलिस विभाग टीम की तैनाती रहेगी इसके अलावा मंदिरों के आसपास तथा कांवड़ रूट पर लगे हुए कैमरा से मॉनिटरिंग की जाएगी लगभग 55 कमरे अतिरिक्त लगाए जा रहे हैं उसके अलावा पूर्व में लगे हुए कैमरा को भी कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है 200 से अधिक कमरे कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु नजर बनाए रखेंगे, बैठक में एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी शो सहानी गेट सचिन एसएचओ कोतवाली अनुराग शर्मा वे अन्य उपस्थित रहे निगम अधिकारियों में बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद प्रभारी प्रकाश एसपी मिश्रा, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज उपस्थित रहे।

### 7 जुलाई से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को 7 जुलाई से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं तथा पूरी तैयारी के साथ कांवड़ रूट पर बने रहने के लिए कहा गया है। सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश टीम को दिए गए हैं। पुलिस तथा निगम अधिकारी कांवड़ यात्रा को सुगम और सरल के साथ–साथ सुरक्षित और स्वच्छ भी बनाएंगे, बैठक में योजना बनाई गई है।

# उत्तर प्रदेश राज्य खेल 2025 का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य खेल 2025 का भव्य उद्घाटन समारोह आज दिव्या ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, मोदीनगर, गाज़ियाबाद में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 500 विशेष छात्र-खिलाड़ियों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक मार्च पास्ट व खेल प्रदर्शन किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि थे उत्तर प्रदेश सरकार में विकलांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण उपस्थित रहे। साथ ही, स्पेशल ओलंपिक भारत - उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मुकेश शुक्ला ने भी आयोजन को संबोधित किया।

**मुख्य अतिथि:** नरेंद्र कश्यप वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में विकलांगजन सशक्तिकरण मंत्री हैं। वे लंबे समय से सामाजिक सेवा, विशेषकर दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य रह चुके श्री कश्यप का अनुभव और समर्पण इस क्षेत्र में उल्लेखनीय है।

**विशेष अतिथि:** असीम अरुण समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे असीम अरुण प्रशासनिक कुशलता और सामाजिक समावेशन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की है।

**कार्यक्रम अध्यक्ष:** मुकेश शुक्ला स्पेशल ओलंपिक भारत - उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हैं और वर्षों से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश के कई एथलीट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अवसर पर दिव्या ज्योति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट मोदीनगर गाजियाबाद के ऋतिक जस्सर मौजूद रहे।

**प्रतियोगिताओं में शामिल खेल:** 1. हैंडबॉल, 2. बास्केटबॉल, 3. फुटबॉल, 4. फुटसल, 5. गोल्फ, 6. बोक्से, 7. लॉन टेनिस, 8. टेबल टेनिस, 9. जूडो।

# वैशाली में एसी के कंप्रेसर में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-5 के फ्लैट नं. 631 में दोपहर एसी का कंप्रेसर फट गया जिससे भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर घर का कुछ हिस्सा जल गया। लोगों ने बताया की गनीमत रही ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड ने समय रहते आग पर काबू पा लिया और कोई जनहानि नहीं हुई।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

## तीनों तहसीलों में कुल 160 शिकायतें प्राप्त हुईं, मौके पर 12 का निस्तारण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन एवं अध्यक्षता में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन, एसडीएम अजीत सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 7 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसडीएम राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 47 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

॥ श्री गणेशाय नमः ॥





आपको बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता हैं।
हमारे पूजनीय पिताजी
स्व० श्री बालक राम चौंधरी
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनाँक मंगलवार 24 जून 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए
शांति हवन प्रातः 9:00 बजे (निवास स्थान) 9/228, Sec -3, राजेंद्र नगर।
श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी
दिनांक 06/07/2025 दिन रविवार
ब्रहम भोज 12 : 00 बजे | रस्म पगड़ी 3:00 बजे
स्थान : ग्रीन ओरा बेंकेट (नबरदार)
प्लाट न० 14, प्रहलादगढ़ी,(नियर केनरा बेंक) साहिबाबाद
॥ :: शोकाकुल परिवार :: ॥
लक्ष्मी नारायण चौधरी (कैबिनेट मंत्री ऊ० प्र०), अशोक चौधरी (पुत्र), सतीश चौधरी (पुत्र), अनिल चौधरी (पुत्र), सचिन चौधरी (पौत्र), संदीप चौधरी (पौत्र), आकाश चौधरी (पौत्र), अशवन चौधरी (पौत्र), शिवम चौधरी (पौत्र), सत्यम चौधरी (पौत्र)
मो० 9810397384 | 9312368099 | 9315221068 | 7042199029